तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026



सिम्स के पैथोलॉजी सैंपल कलेक्शन में लगी मरीजों की भीड़।



## खबर संक्षेप

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केन्द्र

**बिलासपुर।** व्यापमं द्वारा 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) 2026 आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 1 से 5 अध्यापन हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं कक्षा 6वीं से 8वीं तक अध्यापन हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक होगी। व्यापमं ने कहा है कि परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरे, नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपडे पहनना वर्जित होगा।

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा 6 से

**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से किया जा रहा है। एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी का आयोजन स्व. बीआर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में व बास्केटबॉल का आयोजन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तथा बैडमिंटन, फुटबॉल का आयोजन खेल परिसर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के 4 विकासखण्ड के इन 10 खेलों के सभी प्रथम आए बालिका एवं महिला प्रतिभागियों को 2 आयुवर्ग में 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से 35 वर्ष तक बालिका एवं महिला खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता होगी।

### फार्महाउस से 160 कट्टी धान चोरी

**बिलासपुर।** फार्म धावा बोलकर चोरो ने 160 कट्टी धान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरो के पतासाजी में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार उसलापुर गीतांजली नगर निवासी मेघा मराई पति पीआर मराई की घोंघाडीह में फार्महाउस है। वहां उन्होने 160 कट्टी धान डंप कर रखे थे। 24 जनवरी को चोरो ने ताला खोलकर धान चोरी कर लिया है। पुलिस अपराध कायम कर चोरों के पतासाजी में जुट गई है।

# मार्कफेड से नहीं मिला पैसा, किसानों का 102 करोड़ का भुगतान रूका

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंद्रह दिनों पूर्व समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने वाले किसानों के खाते में अब तक पैसा नहीं आया है। किसाानों में असमंजस की स्थिति है, जिससे वे लगातार बैंकों में जाकर पतासाजी कर रहे हैं। जिला सहकारी बैंक प्रशासन के अनुसार मार्कफेड में धान का करीब 102 करोड़ का भुगतान लंबित है। यह राशि प्राप्त होते ही सारे किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा।

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने के बाद तीन दिनों के भीतर अपने खातों में भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों में दस से पंद्रह दिनों बाद भी भुगतान राशि अप्राप्त होने के कारण हड़कंप मचा हुआ है। किसान अपने पड़ोसी किसानों से भुगतान की जानकारी लेने के साथ ही उपार्जन केंद्रों में भी जाकर संभावित गड़बड़ी का पता लगा रहे हैं। इतने में भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में किसान बैंकों में भी जाकर वस्तुस्थिति का पता लगा रहे हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रशासन के अनुसार जिले में अब तक 1 हजार 424 करोड़ रूपए की धान खरीदी की जा चुकी है। इसके विरूद्ध विपणन विभाग से 1 हजार 522 करोड़ रूपए का भुगतान प्राप्त किया जा चुका है। प्राप्त भुगतान राशि में धान की कीमत के अलावा प्रासंगिक मूल्य भी शामिल है। इसी तरह प्राप्त राशि के विरूद्ध 1 हजार 248 करोड़ की राशि का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। आज की स्थिति में विपणन विभाग से 102 करोड़ का भुगतान प्राप्त करना है, जो कि लंबित है। यही कारण है कि कुछ किसानों का भुगतान उनके खातों में नहीं किया जा सका है। विपणन विभाग से उक्त लंबित भुगतान प्राप्त होते ही तत्काल सारे किसानों के खातों में रकम पहुंचा दिए जाने की बात कही जा रही है।

## तीन दिनों के भीतर हो जाना था भुगतान, पासबुक लेकर बैंकों के चक्कर लगा रहे किसान




### कई किसान ऐसे जिन्होंने तेरह दिनों पूर्व बेचा है धान

जिले के कई ऐसे किसान भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं, जिन्होंने पंद्रह जनवरी की स्थिति में ही अपना धान बेच लिया है, लेकिन आज तेरह दिनों बाद भी उनके खातों में भुगतान की राशि अप्राप्त है। ऐसे किसान अपने खुद के बैंक खातों में गड़बड़ी होने के कारण भुगतान प्राप्त नहीं हो पाने की आशंका पर पतासाजी के लिए बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं।

### लगातार भुगतान किया जा रहा

धान बेच चुके किसानों का लगातार भुगतान किया जा रहा है। किसी कारणवश जिन किसानों का भुगतान नहीं हो सका हो तो उनका भी यथाशीघ्र भुगतान कर दिया जाएगा।

- **रजनीश सिंह,** अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

### मार्कफेड से लंबित है भुगतान

किसानों को अब तक 1 हजार 240 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान में मार्कफेड में करीब 102 करोड़ का भुगतान लंबित होने के कारण किसानों का भुगतान भी लंबित है। मार्कफेड से उक्त राशि प्राप्त होते ही तत्काल किसानों के खातों में भुगतान राशि डाल दी जाएगी।

- **प्रभात मिश्रा,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

### जल्द किया जाएगा भुगतान

पीएफएमएस के माध्यम से शासन स्तर से लगभग रोज ही राशि का लेनदेन किया जा रहा है। ऐसे में वर्तमान में जो भी राशि भुगतान हेतु लंबित है, उसका भी भुगतान जल्द ही हो जाएगा।

- **उपेंद्र कुमार,** डीएमओ बिलासपुर

## वायरल हुआ वीडियो : पुलिस ने की कार्रवाई

# कार की खिड़की से बाहर सिर निकालकर स्टंट, दो गिरफ्तार



गिरफ्तार युवक


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख मार्ग पर कार की खिड़की से सिर बाहर निकालकर स्टंट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है। ड्राइविंग करने वाले युवक का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

27 जनवरी को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ, इसमें सफेद रंग की तिरंगा झंडा लगी कार की खिड़की से सिर बाहर निकलकर कुछ युवा स्टंट करते दिख रहे थे, इस कार के पीछे बड़ी संख्या में बाइक सवार युवक भी स्टंट करते नजर आ रहे थे। उक्त वीडियो गांधी चौक से तोरवा हुए राजकिशोरनगर जाते हुए युवकों का बताया जा रहा है। युवकों के द्वारा खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। फुटेज के आधार पर सिटी कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने स्टाफ के साथ पतासाजी कर कार क्रमांक सीजी 12 बीटी, 1243 में सवार वंश सक्तेल, कुनाल साहू एवं शाहरूख इरानी की पहचान की। उक्त वीडियो वंश सक्तेल द्वारा इंस्टाग्राम में वायरल किया गया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 3, 5 व 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गणेशनगर चुचुहियापारा निवासी वंश सक्तेल व हर्ष वर्धन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वाहन चालक हर्ष वर्धन सिंह के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




## कोनी रोड में इंजीनियरिंग छात्रों के बीच पथराव



सीसी फुटेज में वायरल वीडियो


सोशल मीडिया में कोनी रोड में इंजीनियरिंग छात्रों के बीच सरेराह पत्थरबाजी कर मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। 28 जनवरी को सोशल मीडिया में कोनी रोड में इंजीनियरिंग छात्रों के बीच सरेराह मारपीट कर एक दूसरे पर पत्थरबाजी करने का वीडियो वायरल हो रहा है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया 25 जनवरी की रात 10.30 बजे कैफे में किसी बात को लेकर दो इंजीनियरिंग छात्रों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर दोनों पक्ष के छात्रों को पकड़कर थाने ले गई। दोनों पक्षों ने लिखित में दिया कि वे रिपोर्ट नहीं लिखाने चाहते हैं। इस पर दोनों पक्ष के मारपीट करने वाले छात्रों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। वीडियो 4 दिन पुराना है जो सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

## आसमान पर छाए बादल, ठंड भी बढ़ी


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उत्तर भारत में हो रही बारिश का प्रभाव छत्तीसगढ़ में भी दिखाई देने लगा है, यहां भी बुधवार से आसमान पर बादल छाने लगे हैं, इसके साथ ही तापमान में गिरावट भी शुरू हो गई है। इन दिनों उत्तर भारत में तूफान के प्रभाव से मौसम बदला हुआ है और कई इलाकों में रुक रुककर बारिश हो रही है।

अब छत्तीसगढ़ में भी इसका हल्का प्रभाव पड़ने लगा है। बुधवार को शहर और आसपास के इलाके में हल्के बादल छाए रहे, इससे तेज धूप नहीं निकल सकी, इससे तापमान भी कम होने लगा। बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री दर्ज किया गया, रात में ठंड बढ़ने से लोग



एकबार फिर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। इधर मौसम के उतार चढ़ाव से एकबार फिर मौसमी बीमारी जोर पकड़ने लगी है। अस्पतालों में सर्दी, बुखार के मरीजों की अधिक भीड़ नजर आ रही है। इधर बारिश की संभावना देख किसानों की चिंता भी बढ़ गई है, क्योंकि अभी भी बड़ी संख्या में किसान धान बेच नहीं सके हैं, उनका धान खलिहानों में ही पड़ा हुआ है।




# वर्दी में गांजे का कश लगाने वाले वनपाल को विभाग ने दिया नोटिस

**बिलासपुर।** भ्रष्टाचार और अनुशासन पर सख्ती के सरकारी दावों के बीच वन विभाग से जुड़ा एक बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में वर्दीधारी वनपाल खुलेआम गांजे का कश लेता नजर आ रहा है। विडियो अधिकारियों तक पहुंचने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। विभाग की ओर से डीएफओ ने वनपाल को नोटिस दे दिया है।

विडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि वन विभाग के सामाजिक वानिकी विभाग के वनपाल चंदन सिंह पूरे आत्मविश्वास के साथ नशे का सेवन कर रहा है। वनपाल वर्तमान में रतनपुर परिक्षेत्र में पदस्थ है। इतना ही नहीं, वह अपने साथ बैठे चौकीदार और अन्य लोगों को भी नशा करवाता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक विडियो सोमवार का है। वीडियो में वनपाल के हाथ में चिलम साफ दिखाई दे रही है और वह खुद कश बनाकर चौकीदार को पिलाता हुआ दिखाई देता है। यह पूरा दृश्य किसी निजी स्थान



पर नहीं, बल्कि विभागीय अनुशासन और जिम्मेदारी को ठेंगा दिखाने वाला प्रतीत होता है। इसदौरान विभाग के भीतर कथित कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार को लेकर भी खुलकर बातें करता सुनाई दे रहा है। इन बातों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। इससे वन विभाग के अंदर चल रही कथित अनियमितताओं की पोल खुलती रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के अधिकारियों ने वनपाल को नोटिस थमा दिया है लेकिन उसपर कार्रवाई होगी या नहीं यह कहने में अधिकारी हिचक रहे हैं।

### दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया

वनपाल का विडियो आया था, हमने उसे नोटिस भेज दिया है दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सीसीएफ को भेजा जाएगा।

- **चंदन कुमार अग्रवाल,** डीएफओ सामाजिक वानिकी विभाग

# बिना दस्तखत निकले साढ़े पांच लाख, डाक विभाग जुर्माना सहित देगा रकम

**बिलासपुर।** जिला उपभोक्ता फोरम ने खाताधारक के हस्ताक्षर बिना एजेंट को 5.50 लाख भुगतान करने पर डाक विभाग सहित अन्य पर 25 हजार रुपए जुर्माना व निकाली गई राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।

आवेदक झारखंड हजारीबाग निवासी भवानी सिन्हा 72 साल अपने पुत्र राहुल सिन्हा के घर गुलाब नगर मोपका सरकण्डा रहने आईं। इस बीच उन्होंने राष्ट्रीय बचत पत्र प्राप्त करने डाकघर अल्प बचत एजेंट 27 खोली निवासी संजय नारंग को फार्म भर कर दिया। इस बीच संजय नारंग ने 17 मई से 13 जून 2019 के मध्य उनके हस्ताक्षर के बिना 22 बार आहरण फार्म भरकर 5.50 लाख रुपए निकाल लिया। शिकायत के बावजूद राशि नहीं लौटाने पर उन्होंने उपभोक्ता फोरम में आवेदन किया। आयोग के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने इसे सेवा में कमी मानते हुए डाकघर मुख्य कार्यालय, एसईसीएल शाखा एवं एजेंट संजय नारंग को आदेश प्राप्त करने के दिनांक से 45 दिन के अंदर 5.50 लाख रुपए आवेदक को लौटाने इसमें 2020 से 9 प्रतिशित की दर से ब्याज, 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति, 5 हजार रुपए वादव्यय देने का आदेश दिया है। फोरम ने हस्ताक्षर का मिलान नहीं होने के बावजूद एजेंट को कोर बैंकिंग के माध्यम से भुगतान करने को सेवा में कमी पाया है।

### करोड़ों की ठगी मामले में एजेंट चल रहा फरार

एजेंट 27 खोली विकास नगर निवासी संजय नारंग एवं उसकी पत्नी अनिता नारंग राजेन्द्रनगर मुख्य पोस्ट आफिस के पास अक्षय कन्सल्टेंसी के नाम से दफ्तर खोला था। दोनों ने लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर पैसा जमा कराया। उसके बाद फर्जी तरीके से खाताधारकों के करोड़ों रुपए निकालकर भाग गए थे। वर्ष 2019 में पति पत्नी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। 6 साल में पुलिस दोनों को पकड़ नहीं पाई है।




आज भव्य शुभारंभ
शाम 4 बजे से
25 सालों की ऐतिहासिक परंपरा
अपने बिलासपुर का अपना मेला
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
विशिष्ट अतिथिजन
मान. अमर अग्रवाल जी विधायक, बिलासपुर
मान. धरमलाल कौशिक जी विधायक, बिल्हा
मान. धर्मजीत सिंह जी विधायक, तखतपुर
मान. सुशांत शुक्ला जी विधायक, बेलतरा
मान. अटल श्रीवास्तव जी विधायक, कोटा
मान. दिलीप लहरिया जी विधायक, मस्तुरी
मान. पूजा विधानी जी महापौर, बिलासपुर
संरक्षक सदस्य
मान. प्रमोद खेडिया जी संस्थापक, सत्या ऑटोमोबाईल्स ग्रुप
मान. प्रकाश ग्वालानी जी संरक्षक, क्रेडाई बिलासपुर
मान. प्रवीण झा जी संस्थापक, फील ग्रुप
मान. कमल सोनी जी प्रदेशाध्यक्ष छ.ग. सराफा एसोसिएशन
मान. राजेश सिंह जी वरिष्ठ पार्षद, बिलासपुर
मान. अनिल मुंद्रा जी संस्थापक, अद्वैत फार्म्स
आयोजकगण
गणेश अग्रवाल संयोजक मेला आयोजन समिति
डॉ. किरणपाल सिंह चावला अध्यक्ष मेला आयोजन समिति
एवं समस्त BNI सदस्य, बिलासपुर
मान. तोखन साहू जी
सांसद बिलासपुर,
केंद्रीय राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य
29 जनवरी से 03 फरवरी 2026
सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक
स्थान: साईंस कॉलेज मैदान, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
नि:शुल्क प्रवेश
सीसीटी कैमरे के निगरानी
धुलमुक्त वातावरण
SECL South Eastern Coalfields Limited
FORTUNE ELEMENTS
Presents
BNI बिलासपुर
व्यापार एवं उद्योग मेला 2026
in Association with
ADWAIT farms
COMIX
Powered by
iift Bilaspur
Apollo Hospitals Bilaspur
CVRU
BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेले के विभिन्न जोन
हैण्डीक्राफ्ट एवं हैण्डलूम
फर्नीचर
घरेलू उपयोगी उत्पाद
लाईफ स्टाईल
रियल इस्टेट एवं उद्योग
ऑटोमोबाईल्स
बैंक एवं इन्श्योरेंस
शिक्षा एवं अकादमी सेक्टर
कम्युनिकेशन
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रीकल
50+ सुरक्षाकर्मी
पार्किंग सुविधा
सद्भावना मैराथन दौड़ प्रतियोगिता
गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को प्रात: 6.30 बजे गांधी चौक से साईंस कॉलेज मैदान तक दौड़ का आयोजन किया जाएगा
प्रतिदिन सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम
• औरंगाबाद के जादूगर लाल • सीया के राम नाट्य प्रस्तुति
• छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं पारंपरिक नृत्य
• ऑर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सत्संग
• इस्कॉन द्वारा संकिर्तन, श्रृति प्रभला द्वारा संगितमय स्वर संध्या आदि
सभी के लिए है बहुत कुछ
व्यापार
नवाचार
मनोरंजन!
ग्रीन बिलासपुर अभियान
पॉलिथीन फ्री इवेंट
नि:शुल्क क्लॉथ बैग वितरण
कला प्रेमियों हेतु
विशेष आर्ट एग्ज़िबिशन
पूरे परिवार के साथ आइए और खरीदारी,खानपान, खेल, और कला का आनंद उठाइए
व्यवसाय एवं उद्योग
• छ.ग. के अग्रणी व्यापारियों का सम्मान
• उद्योगपति ऑफ़ ईयर अवार्ड
• लाईफ टाईम सेवा सम्मान
छात्र-छात्राओं के लिए
• इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता
• साइंस मॉडल प्रतियोगिता
• नि:शुल्क कॅरियर काउंसिलिंग
स्टार्टअप्स हेतु
• स्टार्टअप अवार्ड
• शार्क टैंक ऑफ़ बिलासपुर प्रतियोगिता (कैश ईनाम एवं सर्टिफिकेट)
युवाओं हेतु
• मिस्टर एंड मिस बिलासपुर प्रतियोगिता
• बिलासपुर गॉट टैलेंट
• राईजिंग वॉइस ऑफ़ बिलासपुर
• रोज़गार मेला (नाईस टेक द्वारा)
महिलाओं हेतु
• सावित्री बाई फुले नारी शक्ति सम्मान
• मास्टर शेफ • बेस्ट मेकअप • हाउसहोल्ड शॉपिंग
• टैलेंट एक्टिविटीज़ – डांसिंग / सिंगिंग / रंगोली/ मेहंदी
बच्चों के लिए
• गेम ज़ोन • फन एंड फ़ूड स्टॉल्स
• हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट
• किड्स ब्रेवरी एंड स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड
हरित स्वागत
रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर ग्रीन द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान पौधे देकर
नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर
मार्क हॉस्पिटल, उमंग हॉस्पिटल, बिलासपुर हॉस्पिटल, लाईफ केयर हॉस्पिटल, शिव मेडिसिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
कैंसर सर्वाइवर सम्मान
अपोलो हॉस्पिटल द्वारा कैंसर सर्वाइवरों का सम्मान एवं प्रस्तुति
निशुल्क CPR ट्रेनिंग
आईएससीसीएम, आईआरसीएफ, रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर यूनाइटेड के द्वारा प्रतिदिन सीपीआर ट्रेनिंग एवं सर्टिफ़िकेट
नेत्रदान और देहदान
देहदान या नेत्रदान कर चुके लोगों को श्रद्धांजलि एवं परिवार का सम्मान अंग एवं देहदान हेतु पंजीयन सुविधा, नि:शुल्क रक्तदान शिविर
AdPRAYAS
नॉमिनेशन हेतु संपर्क करें
सम्मान, पुरस्कार समन्वयक:
श्रीमती पूजा अग्रवाल –87709 72118,
श्रीमती नेहा दीप्त – 78698 83887
सांस्कृतिक एवं प्रतियोगिता समन्वयक:
श्रीमती निहारिका अभिषेक त्रिपाठी – 79876 15949,
पंकज श्रीवास्तव – 62614 80243, अंकिता तिवारी- 85170 02329
जनसेवा समन्वयक:
डॉ. सचिन यादव – 81037 18666,
राजीव अग्रवाल – 70006 13713, अभिजीत रॉय – 99263 30341
कार्यक्रम में भाग लेने हेतु QR कोड स्कैन करें
SCAN FOR DETAILS
betaindia.in
हमारे सहयोगी संस्थाएं
विशेष सहयोग
NABARD
GANESH FURNITURE M: 98261 70642
ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL 9981794669
PRAYAS ACADEMY PRAYAS PUBLIC SCHOOL PRAYAS COLLEGE Rajkishor Nagar Bilaspur M.: 8103718866
DREAMMASON Near Old Bus Stand, Bilaspur, Mob.: 9644400101
MARK HOSPITAL Mob.: 7869088850
JRC BRICKS & BLOCKS
TM Mangla Road, Bilaspur M.: 8982385464
DHANLAXMI ACP M.: 9329712985
HK HOTEL Mob.: 8889000574
EXPRESS FINANCIAL PRODUCTS DISTRIBUTORS
CarRelation 9300007780-9300005262
SHRI RANI SATI ASSOCIATES Mob.: 8085387123
VIDYAA CONSTRUCTION Vikas traders VIKAS KUKREJA 98261 79993
Engineer Consultant Contractor Mob.: 8602048444, 7566666856
ADPRAYAS BRAND MENTOR RAIPUR | BILASPUR Mob.: 9826701269
APEX SECURITY SYSTEMS Vinoba Nagar Bilaspur Mob.: 8223003100
Vijay Link Road, Bilaspur Mob.: 9827169686
itsy Bilaspur
CORONIUM SOLAR Mob.: 9713440055
SHIVAM AD AGENCY & PUBLICITY Rajiv Plaza, Bilaspur Mob.: 9993567380
NIHARIKA GALAXY INTERIORS & COOLING Mob.: 7987615949
Accounting Bazar Accounting Services & Tax Consultancy Mob.: 9179991222
Radio Partner RADIO ORANGE
स्टॉल बुकिंग हेतु संपर्क करें: मो. 9827957786, 8982206820 / मेला परिसर में प्रचार प्रसार हेतु संपर्क करें: शिवम एड एजेंसी (शंकर राव) मो.: 9993567380

# व्यापारिक गतिविधियाँ शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुरूप संचालित हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




राज्य कर विभाग, बिलासपुर संभाग द्वारा आज संयुक्त आयुक्त राज्य कर तमन्ना वर्मा की अध्यक्षता में व्यापारियों एवं उद्योग संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण जीएसटी समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बिलासपुर इकाई की पूर्ण टीम एवं राज्य एवं केंद्रीय जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- जीएसटी अनुपालन एवं सुचारू व्यापार संचालन को लेकर राज्य कर विभाग की समन्वय बैठक

बैठक में वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित विभिन्न अनुपालन विषयों पर चर्चा की गई। तमन्ना वर्मा ने व्यापारियों को मार्गदर्शन देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का व्यापार जीएसटी नियमों के बाहर नहीं किया जाना चाहिए तथा सभी व्यापारिक गतिविधियाँ शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुरूप ही संचालित की जाएँ। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रूप से जीएसटी नियमों का पालन करने से व्यापार सुचारू रूप से चलता है, पारदर्शिता बनी रहती है तथा ईमानदार व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है। बैठक में यह भी बताया गया कि सही एवं समयबद्ध अनुपालन से ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा मिलता है। बैठक के दौरान जीएसटी विवरणियों का समय पर दाखिला, इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित आवश्यक सावधानियाँ, फर्जी बिलों से बचाव, ई-वे बिल एवं जीएसटी विवरणियों में सामंजस्य तथा व्यापार में पारदर्शिता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि चैंबर अपने समस्त सदस्यों को जीएसटी नियमों के प्रति जागरूक करने, समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा स्व-अनुपालन की संस्कृति को सुदृढ़ करने राज्य कर विभाग के साथ पूर्ण सहयोग करेगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नवदीप सिंह अरोरा, प्रदेश मंत्री अनिल वाधवानी, सचिव महितोष सराफ, सीए ओम मोदी, सीए कुशल अग्रवाल, सजन अग्रवाल, कमल विधानी, नानक खटूजा, सुनील संथालिया, राज्य कर (स्टेट जीएसटी) विभाग से संयुक्त आयुक्त (अपील) लता जे. त्यागी, संभागीय संयुक्त आयुक्त महेंद्र धनेलिया, संयुक्त आयुक्त (ऑडिट) मुकेश त्यागी, उपायुक्त एम.पी.एस. तिवारी, अरविंद पांडेय, सहायक आयुक्त एवं वृत्त प्रभारी हर्षित मिश्रा, आशीष मंडावी, सुश्री नीलमणि टोप्पो, सुषमा लाल। केंद्रीय जीएसटी विभाग से सहायक आयुक्त पुरूषोत्तम पल्ले, अधीक्षक सुनील कुमार वैष्णव, वी. वी. रामन,सुश्री गीता गणेशन, मनु जान, ललित टोप्पो।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में भारत बंद और विरोध प्रदर्शन की तैयारी बैठक आज

**बिलासपुर**। सामान्य वर्ग के हितों एवं सम्मान के विपरीत जारी यूजीसी एक्ट के विरोध में विचार विमर्श एवं आगामी कार्रवाई के संबंध में

छत्तीसगढी ब्राम्हण समाज भवन इमली पारा में 29 जनवरी को शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी। यू जी सी बिल के विरोध में सवर्ण समाज आक्रोशित प्रदर्शन व भारत बंद की तैयारी की जा रही है। 13 जनवरी को पारित यू जी सी बिल के विरोध में सर्व सवर्ण समाज लामबंद हो गया है इसके विरोध में प्रदर्शन व भारत बंद का आव्हान किया गया है। आज इस विषय में कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज की इमलीपारा में बैठक हुई। जिसमे समाज के पदाधिकारी गण व महिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। 29 जनवरी शाम 4 बजे सवर्ण समाज (सर्व ) बैठक छत्तीसगढी ब्राम्हण परिषद के इमली पारा स्थित भवन में आयोजित की गयी है जिसमे सवर्ण समाज के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहकर 1 फरवरी को भारत बंद एवं इसके पहले विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपने की कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी।





# केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : अमर

## केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा केंद्रीय बजट 2026 के संदर्भ में 28 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बजट को लेकर संगठनात्मक तैयारी, जनजागरूकता अभियान तथा बजट से जुड़ी प्रमुख अपेक्षाओं पर चर्चा की गई।



बैठक को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी एवं बजट अभियान प्रदेश संयोजक अमर अग्रवाल ने संबोधित किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है और इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए पार्टी संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इस बैठक में समिति के सदस्य वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी , सौरभ सिंह, नन्दन जैन, अखिलेश सोनी एवं अमित चिमनानी, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी एवं सह-प्रभारी, सांसद, विधायक, प्रदेश समिति बजट अभियान, जिला समिति बजट अभियान, जिला संगठन प्रभारी एवं सह-प्रभारी, भाजपा जिला अध्यक्ष तथा संयोजक, सह-संयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ एवं व्यवसायी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायकों के बैनर पोस्टर फ्लेक्स वाली फोटो लगाने का विरोध

**बिलासपुर**। जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में फ्लेक्स लगाने के संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कमेटी के जिलाध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा व महेंद्र गंगोत्री की अध्यक्षता में कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शहर में भाजपा के समस्त विधायकों की बड़े बड़े बैनर पोस्टर फ्लेक्स वाली फोटो लगाया गया है।



जिला प्रशासन का ये दायित्व बनता है कि समस्त विधायकों को समान अधिकार व सम्मान प्रदान करे, परन्तु गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन ने शहर में लगाए गए फ्लेक्स में सिर्फ सत्ताधारी विधायकों का चित्र लगाया गया है। इसे लेकर समस्त कांग्रेसजनों कलेक्टर से मिलकर अवगत कराया। कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार की प्रशासनिक भूल चूक से बचा जाएगा। इस अवसर पर रामशरण यादव,राजेंद्र शुक्ला, रविंद्र सिंह,संतोष गर्ग,भरत कश्यप, शेख निजामुद्दीन, राकेश शर्मा,देवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, समीर अहमद, रामा बघेल, सुभाष ठाकुर, अनिल पांडे, संतोष ढीमर, बेदराम यादव, संदीप बाजपेई, करम गोरख, ,शिवा नायडू, विनय वैद्य, प्रशांत पांडे,मारेट बेंजामीन, शारदा नागरकर,संगीत मोइत्रा,डॉ राहुल, महमूद हुसैन, संदीप यादव,अशोक शुक्ला, बद्री यादव, रतिश श्रीवास्तव, प्रतिक तिवारी,राजा ढीमर,राजेश यादव, राजीवरत्न, युवराज तिवारी,भरत जोशी, अकबर अली, धर्मेंद्र कुमार, अनुदर्श दुबे, दीपक कौशिक, संतोष पीपलवा आदि मौजूद थे।

# व्ही के थवानी को श्रद्धांजलि देने शोक सभा आयोजित



**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश ततीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार थवानी के निधन पर कर्मचारी भवन में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव, प्रदेश ततीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पवन शर्मा, जगत मिश्रा, जी आर चंद्रा, जे पी उपाध्याय, सुंदर सिंह ठाकुर, ललित पांडे, हिमाचल साहू ,आनंद भारती ,निरंकार तिवारी, राजू कस्तूर, कोमल पटनवार ,श्याम उरांव, कमल ताम्रकार, कृष्ण कुमार पांडे, अशोक सिंह आदि उपस्थित थे।

# मेयर ने किया विकास भवन में नई लिफ्ट का लोकार्पण

**बिलासपुर**। 27 जनवरी को नगर निगम बिलासपुर के विकास भवन में बिलासपुर की आम जनता एवम नागरिकों की सुविधा के लिए एक नई लिफ्ट प्रारंभ कर नागरिकों को सुविधाएं प्रदान की गई । इस अवसर पर महापौर पूजा अशोक विधानी एवम चेयरमैन विजय ताम्रकार ने लोकार्पित किया । उन्होंने बताया की आज से हम अपने शहर की जनता के लिये विकास भवन आने वाले बुजुर्ग नागरिक महिलाए , विकलांग व्यक्तियों को विकास भवन के दूसरे , तीसरे मंजिल में जाने के लिये सीढ़ियो का उपयोग करना पड़ता था जिससे उन्हें परेशानी होती थी, विकास भवन में बिजली ,सड़क ,पानी , नक़्शा , प्रधान मंत्री आवास इत्यादि समस्याओ के निराकरण के लिए आम जनता को निगम के अधिकारियों , कर्मचारियों से मिलने के लिये होने वाली तकलीफ़ को समझते हुए उक्त सुविधा नागरिकों को समर्पित की गई है।





## खबर संक्षेप

### पेंशनर कल्याण संघ ने मनाया गणतंत्र दिवस



**मस्तूरी**। 77वें गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद शुक्ला व पुष्पा मिश्रा अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कार्यालय में तिरंगा ध्वज फहराया। इस अवसर पर संघ के डीआर अवस्थी, शिव शर्मा, चेतन कुमार थवाईत, प्रवेश कुमार गोरहा, सुमनलाल शर्मा, सीपी मिश्रा, दिनेश श्रीवास, छाया कारडेकर एवं संघ के कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### किरना स्कूल में मना गणतंत्र दिवस




**सरगांव**। शासकीय प्राथमिक विद्यालय किरना में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमान वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, इसके बाद ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान और राजकीय गीत गाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक-शिक्षक ने विद्यार्थियों को संविधान के मूल एकता, अखंडता और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। इसके कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ए शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।

### नव जागृति स्कूल में प्राचार्य ने फहराया तिरंगा



**तखतपुर**। नव जागृति उच्चत्तर माध्यमिक शाला में गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य एसपी सेमुएल ने ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बाल दिवस आयोजित पर खेल-कूद प्रतियोगिता को विजेताओं को पुरस्कार प्राचार्य ने पुर्सकार वितरित किए। दसवीं कक्षा अंग्रेजी माध्यम के छात्र दिव्य साहू ने शतरंज में राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय कर शाला को गौरवान्वित, जिसके लिए छात्र को मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने शहीदों की कुर्बानी को स्मरण कर उन्हें श्रंद्धांजलि अर्पित की। सांस्कृतिक कार्यकाम का संचालन आकांक्षा पाठक, माधुरी ठाकुर पूजा तिवारी ने किया। धन्यवाद का ज्ञापन संस्था प्रभारी समित समुएल व आएरिस बरखा समुएल ने किया। इस अवसर पर निशा विल्सन, नमिता साहू, लक्ष्मी दिवाकर, धर्मराज दिवाकर, मनोहर साहू, अनिल साहू, अभिषेक पाठक, हेमचंद कौशिक, दुर्गेश धुरी, दुर्गा ठाकुर, गीता यादव, आरती साहू, गायत्री श्रीवास अंजनी जांगड़े, सरिता लहरे, शिवि ठाकुर, खुशी विश्वकर्मा, मोनी पटेल, सुनती पटेल, अन्नू यादव, अंजलि यादव, शिवानी क्षत्रिय, शिफाली गुप्ता, विदिशा यादव उपस्थित रहे।

### फास्टरपुर शासकीय स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**सेतगंगा-मुंगेली**। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय फास्टरपुर के प्राचार्य डॉ पुर्णिमा मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रंजनी मानिक सोनवानी उपस्थित रहीं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर शाला सदस्य नरेंद्र जायसवाल, अखिल टोडर, ग्राम सरपंच प्रशांत मसीह, उपसरपंच बबली डहिरे, पंच, सचिव एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने संविधान के मूल्यों, राष्ट्रीय एकता एवं कर्तव्यों के पालन पर बल दिया। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कहीं डॉक्टर्स नहीं, कहीं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव

# ग्रामीण अस्पतालों की स्थिति बदहाल, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थापित क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक व उपस्वास्थ्य केंद्र खुद ही बीमार हैं, ऐसे में मरीजों का इलाज भला कौन करेगा। वहीं ब्लॉक मुख्यालय मस्तूरी में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की भारी भरकम फौज होने के बाद भी व्यवस्था पर वर्षों से सवाल उठते आ रहे हैं। विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की ड्यूटी ब्लॉक मुख्यालय में लगाने से ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल भगवान भरोसे चल रहे हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी के अंतर्गत ब्लाक के 12 विभिन्न गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है, जहां के भवनों की हालत ठीक ठाक ही है। इन सभी केंद्रों में चिकित्सक के रूप में दो-दो ग्रामीण चिकित्सा सहायक की नियुक्ति भी है, परन्तु अधिकांश जगहों पर एक ही चिकित्सा सहायक है, और उनकी भी ड्यूटी मस्तूरी में लगा दी जाती है। इसके अलावा इन केंद्रों के एक-एक चिकित्सक पहले से मस्तूरी में अटैच हैं।

गावों में जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व सुरक्षा योजना सहित विभिन्न स्वास्थ योजनाओं के संचालन के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र भी खोले गए है, जहां सुरक्षित प्रसव कराने संसाधन उपलब्ध कराए गए थे, परन्तु किसी भी उप स्वास्थ्य केंद्र में जचकी नहीं हो पाती। इसका कारण है कि, कहीं पानी की सुविधा नहीं है, तो कहीं महिला डॉक्टर या स्टाफ नहीं है।




#### बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी आने वाले मरीजों का कहना है कि, यहां के डॉक्टर बाहर की दवा लिखते हैं। अस्पताल में दवा होने के बावजूद भी उन्हें नही मिल पाती, बाहर से महंगी दवा खरीदने से उन्हें आर्थिक क्षति हो रही है।

#### ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में बदहाली

क्षेत्र के अस्पतालों में बड़ी खामियां नजर आती हैं, ब्लाक मुख्यालय मस्तूरी से 30 किलोमीटर दूर कुकुर्दीकला गांव का 15 साल पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी उपेक्षित है। यहां डॉक्टर के नाम पर सिर्फ एक एएनएम है, जो पूरा अस्पताल संचालित करती है। बताया गया कि रोस्टर के अनुसार यहां एक एमबीबीएस के अलावा दो आरएमए की नियुक्ति है, परंतु इनमें से एक भी नहीं आते है। यहां ना ही लैब टेक्नीशियन, ड्रेसर और ना फार्मासिस्ट है। जानकारी के अनुसार, यहां स्टाफ क्वार्टर भी नहीं है, इसलिए गांव में किराए के मकान में स्टाफ नर्स रहती है।

#### लगेगी नियमित ड्यूटी

कुकुर्दीकला में एक एमबीबीएस और दो आरएमए की पोस्टिंग है। दोनों आरएमए की ड्यूटी जरूरत के हिसाब से मस्तूरी में भी लगाई जाती है। परन्तु आज से एक आरएमए की नियमित ड्यूटी वहां लगेगी, और क्वार्टर नहीं होने से स्टाफ के लोग अपनी सुविधानुसार रहकर ड्यूटी करते हैं। रही बात अन्य अस्पतालों की बात तो जल्द ही सभी जगह के डॉक्टरों को नियमित ड्यूटी करने कहा जाएगा।

-**अनिल कुमार**, बीएमओ, मस्तूरी

## अल्फा पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव, शामिल हुए कलेक्टर



**मुंगेली**। अल्फा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को हुआ। प्रथम दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल एवं अल्फा पब्लिक स्कूल कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस दौरान अलग–अलग प्रतियोगिताओं में जैसे स्पून रेस, शेक रेस, म्युजिकल चेयर रेस, 25 मीटर रेस एवं अभिभावकों के लिए रस्सा-कस्सी, म्युजिकल चेयर रेस आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें शामिल होकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस वार्षिक खेल में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के जिलाधीश कुंदन कुमार पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने मशाल जलाकर खेल का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, पारुल माथुर, विशिष्ट अतिथि मयंक तिवारी एडिशनल एसपी मुंगेली पद्माक्षी तिवारी, भाजपा अध्यक्ष नगर मंडल मुंगेली सौरभ बाजपेयी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक तिवारी, डायरेक्टर आशीष तिवारी, डायरेक्टर डॉ सुमीत तिवारी, डायरेक्टर स्वाति तिवारी, रितु बाजपेयी, डायरेक्टर डॉ प्रिया तिवारी सभी उपस्थित रहे।

# नवोदय के पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार




जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में 25 जनवरी को पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राज्य एवं राज्य के बाहर के पूर्व छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य पीसी झा एवं रजत जयंती वर्ष में शामिल पूर्व छात्रों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में पूर्व छात्र रामचंद्र देवांगन, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कोरी, ऑडिटर अजय टंडन, नीरु निशा, वेटनरी सर्जन डॉक्टर सुरेश कुमार, प्राचार्य राम गुलाब राय, सहायक प्राध्यापक मंगल चंद निराला, डॉ गीतांजलि पंकज, पायल वर्मा, इंजीनियर यशवंत, डॉ नरेश देवांगन, शिक्षक सुमित पांडे व गोविंद प्रसाद पटेल आदि ने अपने अनुभव साझा किए। सभी पूर्व छात्रों ने माना कि, नवोदय में बिताए हुए पल उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल था। साथ ही उनके जीवन के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यहां हॉस्टल में रहकर की गई पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों की रही। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य पीसी झा ने कहा कि, यह विद्यालय सिर्फ ईंट, पत्थरों से बनी हुई एक इमारत नहीं है, बल्कि इसकी पहचान वे पूर्व संस्कारित, चरित्रवान छात्र हैं, जो इस देश के अंदर या देश के बाहर विभिन्न भागों के महत्वपूर्ण संस्थानों में काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि, यह मिलन समारोह एक सेतु है, जहां पर इस विद्यालय की प्रगति यात्रा के साथ ही संबंधों को मजबूती मिलती है। सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ शिक्षक एचके साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीपी साहू ने किया।

## ग्राम पंचायतों में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**जरहागांव**। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले को नशामुक्त बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित एकीकृत पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से नशामुक्ति जागरूकता का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने ग्राम पंचायत लालाकापा एवं फरहदा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अभियान के तहत उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने नशामुक्त समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र मुंगेली के प्रभारी सहित क्षेत्र के नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### श्रीराम कथा सुनने पहुंचे छग गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर



**तखतपुर**। नगर पंचायत बरेला में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवान्ह परायण कथा यज्ञ के चौथे दिन कथा श्रवण करने छग गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल पहुंचे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की, इसके पश्चात आयोजन समिति व नगर पंचायत अध्यक्ष ने विशेषर पटेल का शॉल, श्रीफल एवं श्रीराम दरबार स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, भगवान राम के जीवन और आदर्श चरित्र का वर्णन है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में धार्मिकता, सदाचारी, न्याय और साहस के प्रतीक हैं। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि, भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार के रूप में हैं। हमें राम कथा से सभी समस्या का समाधान मिलता है। इस अवसर पर बंटी जायसवाल मंडल अध्यक्ष, गली राम प्रजापति, शेख जैनुल उपाध्यक्ष, नरेश महिष सीएमओ, सभापति हीरालाल पटेल, संजय निर्मलकर, बंटी सेमरिया, विजय दिवान, पार्षद नितेश पटेल, पवन पटेल, बबलू पटेल, रमेश पटेल, भगेला धुरी, संजय धुरी, जगदीश साहू, गजानंद निर्मलकर, राज साहू, विनोद पटेल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बेलपान मंडल में मनरेगा बचाओ संग्राम, कांग्रेसियों ने लगाए नारे




**तखतपुर**। मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत बुधवार को बेलपान मंडल के ग्राम बेलपान, टिकरी एवं पोंगरिहा में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए मनरेगा योजना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ जागरूक किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने कहा कि, मनरेगा योजना गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केन्द्र सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर मजदूरों के हक पर हमला कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। बेलपान मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू एवं मंडल प्रभारी करीम कुरैशी ने कहा कि, मनरेगा को कमजोर करने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस पार्टी गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक कर रही है, और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में बीजा मंडल अध्यक्ष अभय कौशिक, बिसाहू कश्यप, बिहारी देवांगन, संतोष मानिकपुरी, देवी साहू, स्वारथ मरावी, पोकर मरावी, भानु अनंत, नीलकमल श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी मनरेगा को मजबूत करने की मांग करते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

### अमिता शिक्षा निकेतन में वार्षिकोत्सव संपन्न



**पेंड्रा**। अमिता शिक्षा निकेतन में 24 जनवरी को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे हुई, जो रात 9 बजे तक चली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारत के सांस्कृतिक गौरव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरेला नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक, लोकगीत एवं नृत्य-नाट्य जैसी विविध प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के प्रभारी उपप्राचार्य मोनी चट्टोपाध्याय रहे। मुख्य अतिथि जीपीएम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, मुकेश दुबे एवं विद्यालय के प्राचार्य पार्थ चट्टोपाध्याय ने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों तथा पिछले सत्र की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की तथा विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अध्ययन कर इस वर्ष भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के डायरेक्टर, प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### तक्षशिला स्कूल में वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**मस्तूरी**। तक्षशिला उच्च माध्यमिक विद्यालय जोंधरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर स्कूल के उन 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को इनाम और सर्टिफिकेट दिए गए, जिन्होंने साल भर पढ़ाई में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सूर्या और जिला पंचायत सदस्य राधा खिलावन पटेल मौजूद रहे। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए समाज को संदेश दिया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ने कहा कि, शिक्षा ही वह रास्ता है, जिससे इंसान और देश का विकास हो सकता है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि राधा खिलावन पटेल ने बताया कि, अगर छात्र अपनी पढ़ाई में मेहनत अनुशासन और खुद पर भरोसा रखें, तो उन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। स्कूल के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरन सिंह ठाकुर, रोहित कुमार पटेल और यादराम मरावी ने अहम भूमिका निभाई। समारोह में जोंधरा और आसपास के गांवों से काफी संख्या में लोग अपने बच्चों का हौसला बढ़ाने पहुंचे थे। लोकनाथ बंजारे और उत्तरा रात्रे जैसे स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने भी बच्चों की प्रतिभा की तारीफ की।

### नियम को तत्काल वापस लेने या संशोधन की मांग

# नए यूजीसी बिल को लेकर सवर्ण समाज की बैठक

**तखतपुर**। विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की ओर से 13 जनवरी को राजपत्र में प्रकाशित प्रावधान के खिलाफ गुरुवार को सवर्ण समाज की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सवर्ण समाज पर यूजूसी एक्ट के पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर चर्चा करना और इसके विरोध में आगे की रणनीति तय करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, यह नियम सवर्ण समाज के छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। इससे शिक्षा व्यवस्था में असंतुलन पैदा होगा और योग्यता के आधार पर अवसर मिलने की भावना को ठेंस पहुंचेगी। वक्ताओं ने एक स्वर में नए नियम को तत्काल वापस लेने या इसमें संशोधन की मांग की। सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि, यदि सरकार और विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने समाज की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में ज्ञापन सौंपने, धरना-प्रदर्शन एवं चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी बैठक में तय की गई। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से इस आंदोलन में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ प्रमुख सवर्ण समाज के मुखिया एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें ठाकुर समाज समाज, सिंधी समाज, गुप्ता समाज, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस एक्ट का विरोध किया एवं चरण बद्ध आंदोलन करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, गुप्ता समाज बलदाऊ गुप्ता, सिख समाज रमन हुरा, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी, ठाकुर समाज अध्यक्ष, सुरेश सिंह ठाकुर, अनिल सिंह ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, धनंजय ठाकुर, नीरू सिंह, पवन गुप्ता, सुखदेव सिंह, हेमराज मंगलानी, मोहन पांडे, राकेश तिवारी, रमन हारा, आकाश ठाकुर, राजकुमार शर्मा, आयुष सिंह, अशोक कुमार पांडे, किशन पांडे, हर प्रसाद मिश्रा, संजय शर्मा, चंद्र प्रकाश, कृष्ण कुमार शर्मा, कैलाश मित्तल, राकेश मदनी, रवि शंकर पांडे, अमित सिंह, चंद्रकांत छतरी, नवीन सिंह, रितेश तिवारी, चंद्रकांत द्विवेदी, दिनेश पांडे, हरीश राजपूत, कोमल सिंह ठाकुर, अंकुश सिंह ठाकुर, प्रतीक तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## सड़क निर्माण को लेकर अनीता ने कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र





**बिलासपुर**। क्षेत्र क्र 4 बिल्हा जिपं सदस्य अनीता राजेंद्र शुक्ला ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। मांग पत्र में श्रीमति शुक्ला ने उल्लेख किया है कि, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के नगपुरा से धमनी, कड़ार, सेवार, कया, बुंदेला एवं झाल तक पहुंच मार्ग लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत हैं, लेकिन उक्त मार्गों का निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। श्रीमति शुक्ला ने बताया कि, सड़क निर्माण शुरू नहीं होने के कारण व मार्ग जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। गर्मी के मौसम में भारी धूल, वहीं बरसात में कीचड़ की वजह से आवागमन बाधित गहो जाता है। पत्र में बताया गया कि, जर्जर मार्गों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम रहता है, साथ ही जर्जर सड़क के कारण विद्यार्थियों का स्कूल तक पहुंचना भी मुश्किल है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। श्रीमति शुक्ला ने बताया कि, मार्गों की दयनीय स्थिति के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन व घेराव के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कलेक्टर से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सच्चा जनसेवक चला गया: अटल



**बिलासपुर।** विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बुधवार का दिन महाराष्ट्र की राजनीति का काला दिन बनकर आया है। उन्होंने कहा कि अजीत पवार का जाना महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। आज लोकतंत्र का एक सच्चा जनसेवक चला गया।

### विधायक धर्मजीत के निजी प्रतिनिधि बने शुक्ला



**तखतपुर।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने जिला पंचायत के लिए अपने प्रतिनिधि के रूप में राहुल शुक्ला को नियुक्त किया है। वे अब जिला पंचायत में तखतपुर विधायक के विधायक प्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत की कार्यवाही में भाग लेंगे।

### माइंड्स आई स्कूल का टैलेंट टाइम प्रोग्राम आज

**मुंगेली।** माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में 'टैलेंट टाइम प्रोग्राम 2026' का आयोजन गुरुवार 29 जनवरी को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से रेहुंटा रोड कामता स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। - इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में तथा विधायक पुन्नूलाल मोहले विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### टोनही डबरी तालाब के लिए 4 करोड़ 40 लाख स्वीकृत

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से अमृत मिशन अंतर्गत टोनही डबरी तालाब तखतपुर के लिए 4 करोड़ 40 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। अब इस कार्य के तहत टोनही डबरी तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जससे यह नगर का एक प्रमुख स्थल बन जाएगा। इस राशि से तालाब को व्यवस्थित कर वहां पर पानी की व्यवस्था होगी एवं तालाब पर पिचिंग व अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाऐंगे।

### आर्ट आफ लिविंग की भजन संध्या 31 को

**तखतपुर।** आर्ट आफ लिविंग परिवार की ओर से 31 जनवरी को शाम 6 बजे भजन संध्या का आयोजन सांस्कृतिक भवन प्रांगण तखतपुर में किया जा रहा है।

## निधन

### तुलसीराम साहू



**सरगांव।** नगर के प्रतिष्ठिक व्यापारी, साहू समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी तुलसीराम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार 29 जनवरी को समय सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में सम्पन्न किया जाएगा। वे नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी लक्ष्मण साहू, गोपाल साहू व महेंद्र साहू के पिता थे।

### ग्रामीणों ने एक घण्टा किया मार्ग अवरुद्ध

# बाइक से टकराया ग्रामीण, बगल से गुजर रहे हाइवा की चपेट में आकर मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोरमी

ग्राम बरबसपुर मुख्य सड़क में एक ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने हादसे के बाद मार्ग को जाम कर दिया। एक घण्टा मार्ग बंद रहा। ग्रामीण पहले बाईक से टकराया उसके बाद बगल से निकल रहे हाईवा में चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में दो बाईक सवार युवक भी घायल हो गए।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर में बुधवार को शाम 7:00 बजे बाइक सवार युवक दो युवक लोरमी की ओर आ रहे थे, इस दौरान एक ग्रामीण से टकरा गए अलबत्ता यह हुआ घटनास्थल पर बगल से गुजर रही है, हाईवे की चपेट में आकर ग्रामीण की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर वाहन को पकड़ने की मांग कर धरने पर बैठ गए। जो एक घण्टा दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई है,पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला शांत करने की कोशिश कर रही है। मृतक ग्राम बरबसपुर के स्थानीय निवासी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है हादसे में घायल को एम्बुलेंस से लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिकी उपचार के लिए रवाना किया गया।पुलिस घटना पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गई है। एसडीओपी हरविंदर सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर मामला शांत कराया।

### महिला का मोबाइल छीनने वाले 2 गिरफ्तार



**बोदरी।** महिला के साथ झपटमारी कर मोबाइल छीनने वाले 2 आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरअसल 1 जनवरी को महिला ने थाना आकर शिकायत दर्ज कराई कि, उक्त तिथि को वह इलाज कराने त्रिवेणी डेंटल कॉलेज चकरभाठा गई थी, जहां से वह अपने भाई के साथ मोटरसायकल में बैठकर वापस आ रही थी। इसी दौरान रायपुर-बिलासपुर रोड पर डायमंड होटल के पास पीछे से आ रही मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स में बैठे व्यक्ति ने अचानक झपटकर उसका मोबाइल छीनकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान मोबाइल के संबंध में तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने 2 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने घटित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटर सायकल सहित मोबाइल जब्त कर लिया। आरोपी रोशन श्रीवास पिता अशोक श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरा जयराम नगर, मोहम्मद सेराज पिता मोहम्मद मीर हसन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रामचंद्रा थाना कुरमी जिला मुजफ्फरपुर बिहार को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

# खेत में ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर मांगी रिश्वत, इंजीनियर हुआ ट्रैप

**कोरबा।** विद्युत वितरण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा खेत में ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। किसान ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी जहां एसीबी की टीम ने दीपका स्थित विद्युत वितरण विभाग के सहायक अभियंता को रंगे हाथों 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

एसीबी बिलासपुर डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि ग्राम हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी श्यामता टंडन ने एसीबी बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि ग्राम दर्री में उसके मित्र के पिता के नाम पर कृषि जमीन है जिसमें ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए मित्र के पिता ने उसे सीएसपीडीसी एल (विद्युत विभाग दीपका) में अधिकारियों से मिलकर बात करने को कहा था, जिस पर ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन देने के बाद सीएसपीडीसीएल दीपका के सहायक अभियंता सत्येंद्र दिवाकर द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया था तथा ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर चालान पटाने के अलावा नाश्ता पानी के नाम पर 80 हजार रुपए की मांग की गई तथा 30 हजार रुपए ले लिया गया है किंतु वह रिश्वत के रूप में दिए जाने वाली शेष राशि 50 हजार रुपए को नहीं देना चाहता था बल्कि सहायक अभियंता दिवाकर को पकड़वाना चाहता है। शिकायत का सत्यापन कराने पर मामला सही पाया गया जिसके बाद एसीबी की टीम ने सहायक अभियंता को ट्रैप करने की योजना बनाई और प्रार्थी श्यामता टंडन द्वारा व्यवस्था की गई राशि 50 हजार रुपए को आरोपी को देने के लिए आरोपी के दीपका स्थित कार्यालय में भेजा गया जो रिश्वती राशि 50 हजार रुपए को आरोपी भारद्वाज द्वारा लेते ही एसीबी टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी द्वारा रिश्वत में ली गई राशि 50 हजार रुपए को बरामद कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम 50 हजार रुपए जप्त कर एसीबी के द्वारा आरोपी के विरुद्ध विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है।



आरोपी इंजीनियर

# एकीकृत पुनर्वास केन्द्र का नशामुक्ति अभियान



**मुंगेली।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से नशामुक्ति जागरूकता का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम पंचायत लालाकापा एवं फरहदा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अभियान के तहत उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने नशामुक्त समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र मुंगेली के प्रभारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्थानीय निकाय की बैठक

**मुंगेली।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में शहरी स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों विशेषकर झुग्गी-बस्तियों में निवासरत गरीब एवं कमजोर वर्ग के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को कम करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा जरूरतमंद नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गिरिश कुर्रे द्वारा मिशन के अंतर्गत नागरिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने शहर में 4 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए भवन उपलब्ध कराए जाने हेतु सहमति प्रदान की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मुंगेली के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश कुमार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मनीष बंजारा, पार्षद, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनें उपस्थित रहीं।



### मनरेगा व धान खरीदी की तिथि बढ़ाने कांग्रेस का प्रदर्शन कल

**लोरमी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 30 जनवरी को मनरेगा बचाओ अभियान एवं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर ने बताया कि, 30 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक पुराना बस स्टैंड लोरमी में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्काजाम किया जाएगा। डिंडौरी ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप श्याम ने भी डिंडौरी के गांधी चैक में कार्यकर्ताओ के साथ धरना देंगे।

# बाल सखा सामान्य ज्ञान परीक्षा के टॉपर्स सम्मानित



**बिल्हा।** विगत दिनों बाल सखा की ओर से बिल्हा के समस्त उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के मध्य सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन एकता विद्या मंदिर बिल्हा में किया गया था, जिसमें 300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर भाग लिया था। परीक्षा के परिणामों की घोषणा नगर एवं विद्यालय स्तर दोनों स्तरों पर की गई है।

नगर स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय परिणाम घोषित किए गए, जिन्हें उन्हें बाल सखा के सदस्यों ने 26 जनवरी को उनके विद्यालय में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित- नगर स्तर पर प्रथम स्थान एकता विद्या मंदिर बिल्हा से अनीश कौशिक, द्वितीय स्थान आदर्श विद्यालय से दीक्षा राज एवं तृतीय स्थान एकता विद्या मंदिर से रेशमी गेंदले एवं आदर्श विद्यालय से खुशी मांडरे ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इसी तरह विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों में सूरजमल विद्यालय बिल्हा से सतीश कुमार, एल्केमिस्ट विद्यालय बिल्हा से राघवेंद्र पुरी गोस्वामी, अग्रसेन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से दिव्यांश शर्मा, स्वामी आत्मानंद बिल्हा से गीतांजलि पात्रे एवं सरस्वती शिशु मंदिर बिल्हा से भूपेंद्र कुमार बंजारे शामिल रहे। बाल सखा के सदस्य महेश माखीजा, संतोष यादव, नानक मिहानी, बजरंग अग्रवाल एवं अशोक मंगवानी ने सभी विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

### टेमरी में आयोजित श्रीरामचरित मानस का समापन आज

**मुंगेली।** ग्राम टेमरी में 20 जनवरी से आयोजित श्रीरामचरितमानस महायज्ञ का आज 29 जनवरी को समापन होगा। श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के यज्ञाचार्य पंडित दिनेश शर्मा को बनाया गया है। मानस प्रवचन के रूप में महामंडलेश्वर साध्वी अन्नपूर्णा माताजी मैहर, महंत हेमंत दास महाराज अयोध्या धाम, बाल योगेश्वर बालक दास पाटेश्वर धाम, वैष्णवदास महाराज साजा, अदिति किशोरी वृंदावनधाम के द्वारा प्रतिदिन रामचरितमानस की कथा के बारे में व्याख्यान दिया। कथा श्रवण करने के लिए आसपास के ग्रामवासियों के साथ दूर दराज के श्रोताग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# वीबी-जीरामजी पर भाजपा का जिला स्तरीय सम्मेलन

## लोगों को दी गई विधेयक के संबंध में जानकारी



**मुंगेली।** जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जीरामजी पर मुंगेली में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पुन्नूलाल मोहले विधायक, हर्षिता पांडेय प्रदेश मंत्री भाजपा, जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे रहे। सभी वक्ताओं ने वीबीजी-रामजी के विषय में संपूर्ण जानकारी कार्यकर्ताओं को दी।

उन्होंने बताया कि, इस विधेयक के माध्यम से 100 दिन से रोजगार बढ़कर 125 दिन का मिलेगा, पंचायत के प्रस्ताव के अनुरूप अधिकतम कार्य किए जाएंगे, साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था होगी, अधिक पारदर्शी तरीके से मस्टर रोल भरा जाएगा। कुल मिलाकर यह है अधिनियम ग्रामीण आजीविका और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अत्यधिक सहायक सिद्ध होगा ऐसा वक्ताओं ने कहा। इस सम्मेलन की शुरुवात भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी ने दिया। संचालन जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री कैलाश सिंह ने दिया।

इस सम्मेलन में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, संतोष साहू प्रदेश संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, विनय साहू प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, मुंगेली जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगरपालिका मुंगेली उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर पालिका लोरमी अध्यक्ष सुजीत वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कोमल गिरी गोस्वामी, नरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू, रजनी मानिक सोनवानी, मानिक सोनवानी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजना दास,जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला मंत्री मानस सिंह बैस, कोषाध्यक्ष सोम वैष्णव, लोकनाथ सिंह, धनीराम यादव,रामेश्वर बंजारे, बंसी सिंह, सेतगंगा मंडल अध्यक्ष सुखचंद साहू, जरहागांव मंडल अध्यक्ष नागेश्वर जायसवाल मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास महामंत्री मनोहर मोहले, महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, विजय यादव, रितिमा लाल, श्वेता सोनी, संजय गोस्वामी, हुकुम सिंह, जितेंद्र भास्कर, डोमन दीक्षित, मनोज पांडे, राज साहू, रामजी यादव, योगेश ताम्रकार, व्यास जायसवाल, बंशी सिंह, विस्तार सिंह, महेंद्र पार्क, मेला राम श्रीवास, शैलेंद्र यादव आदि बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दी।



# रविवार को भी हुई एसआईआर से जुड़े मामलों की सुनवाई

**रतनपुर।** रतनपुर तहसीलदार ने रविवार को भी तहसील कार्यालय में एसआईआर से जुड़े मामलों की सुनवाई की।

इस दौरान कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीपर पारा, रत्नखंडी और मजवानी गांवों के बीएलओ के साथ तहसील ऑफिस पहुंच कर प्रकरणों पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के नामों में माता-पिता के नाम एवं उम्र में पाए गए अंतर को लेकर आपत्तियों पर विचार किया गया। तहसील प्रशासन की ओर से ऐसे मामलों में सुधार हेतु मतदाताओं को 25 जनवरी से 7 फरवरी तक सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q /ना. तह. / वा./2026
बिलासपुर दिनांक 16/01/2026

ग्राम मटियारी कि ग्राम सर्व साधारण /आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मटियारी प.ह.न. 16 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 80/2 रकबा 0.65 एकड़ भूमि की नामांतरण/फौतीनामांतरण/वसीयत/दान के लिए श्री प्रताप सिंह राजपूत आ. पालन सिंह निवासी राजीव बिहार द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 30/01/26 को सुबह 11.00 स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 16/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ / तह./वा. /2026
बिलासपुर, दिनांक 28/01/2026
ग्राम तालापारा क्षेत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रतिभा शर्मा पति संदीप कुमार शर्मा निवासी ग्राम कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अपने पत्नि श्रीमती प्रतिभा शर्मा पिता स्व. शत्रुहन प्रसाद तिवारी की जन्म दिनांक 06/09/1983 का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगर पालिक निगम बिलासपुर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र एवं पार्षद प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/02/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.)**

ई-कोर्ट प्र.क्र.-202506072400111/ब121/2024-25
ग्राम-डगंनिया, तहसील-बेलतरा, जिला बिलासपुर
राकेश कुमार शर्मा पिता रामकुमार शर्मा निवासी ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर ..अपीलार्थी

बनाम

01 प्रकाश यादव पिता श्याम लाल यादव निवासी ग्राम गतौरी, तहसील-मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग...... .....उत्तरवादी

सूचना

प्रति, 01 प्रकाश यादव पिता श्याम लाल यादव निवासी ग्राम गतौरी, तहसील-मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
विषय :- पेशी में उपस्थित होने बाबत।

इस न्यायालय में अपीलार्थी राकेश कुमार शर्मा पिता रामकुमार शर्मा निवासी ग्राम डगनिया तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर की ओर से छ.ग.भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के तहत मौजा डगनिया की भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार, बेलतरा द्वारा पारीत आदेश दिनांक 05/05/2025 के विरूद्ध अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.03.2026 को अधोहस्ताक्षरतों के न्यायालय में नियत है। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक 02.03.2026 एवं स्थान में 3.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /क/अति.तह. / वाचक / 2026
बिलासपुर, दिनांक 21/1/2026
रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
ग्राम-देवरीखुर्द, प.ह.नं.-43

एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम देवरीखुर्द, प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा देवरीखुर्द, प.ह.नं. 43. तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 67/3 रकबा 0.02 एकड़ भूमि को आवेदक श्री संजय कुमार गुप्ता पिता स्व. नंदन किशोर गुप्ता निवासी देवरीखुर्द बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं 01 अन्य के द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने पर वयीयतनामा के आधार पर वाद भूमि का आवेदकगण के नाम पर फौती नामातंरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/2/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नाम परिवर्तन //**

सर्वसाधारण को सूचित किया। जाता है कि मैं श्री ताकेश्वर वर्मा पिता टेकराम वर्मा पता-ग्राम व पोस्ट सिलदहा तहसील पथरिया जिला मुंगेली, छत्तीसगढ़, यह शपथ करता हूं कि मेरा आधार कार्ड में त्रुटिवश रोशन वर्मा (ROSHAN VERMA) दर्ज हो गया है, जो कि गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे वास्तविक नाम ताकेश्वर वर्मा (TAKESHWAR VERMA) नाम दर्ज है, उसके शासकीय /अर्धशासकीय शासकीय / अर्ध शासकीय दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जो कि सत्य व सही है।

मेरे नाम रोशन वर्मा (ROSHAN VERMA) से बदल कर आधार कार्ड में ताकेश्वर वर्मा (TAKESHWAR VERMA) नाम दर्ज कराना चाहता हूं, अब भविष्य में मेरे को इसी नाम से जाना पहचाना जावे, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

श्री ताकेश्वर वर्मा पिता टेकराम वर्मा पता-ग्राम व पोस्ट सिलदहा तहसील पथरिया जिला मुंगेली, छत्तीसगढ़।

**ताकेश्वर वर्मा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6-अ/24-25
ग्राम निरतू प.ह.नं....

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम निरतू प.ह.नं. 53 रा.नि.म. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार सोनी अन्य 08 ग्राम निरतू तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम निरतू प.ह.नं. 53 स्थित भूमि खसरा नंबर 833/1 जितेन्द्र सोनी के नाम पर रकबा 0.19 हे. रकबा 0.19 डि. एवं रामेश्वर प्रसाद सोनी के नाम पर खसरा नंबर 833/2, 0.19 हे. भूमि प्राप्त हुआ है जो राजस्व अभिलेखों मे त्रुटिपूर्ण दर्ज होते चला आ रहा है उपरोक्त विषयांतर्गत त्रुटि पूर्ण दर्ज खसरा नंबर एवं रकबा सुधार कर 0.40 डिस. भूमि को आवेदकगण के नाम दुरूस्त किये जाने आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो जॉच प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 15-2-26 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 27-1-26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**गनियारी**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार राकेश भावे पिता एस. आर. भावे निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधीकृत हो उसके निर्देशानुसार जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय का सूचना प्रकाशित करता हूं अवगत होवे।

मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तह. व जिला बिलासपुर के खातेदार साहिस्ता खान पति मो. फिरोज निवासिनी तोरवा बिलासपुर के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की अभिलिखित भूमि ख.क. 156, 157 रकबा 0.12, 0.13 ए. भूमि को कय करने का पक्का महदा कर अग्रिम अनुबंध की राशि अदाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कराया है तथा शीघ्र ही पंजीयन हेतु तत्पर है।

अतः उपरोक्त भूमि के हुये संव्यवहार मे जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय या वह जो उपरोक्त भूमि के किसी भी अंश मे अपना हित रखता है वह सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात की गयी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा पंजीयन करा ली जायेगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक:- 28.01.2026

**प्रीत प्रकाश सिंह**
**(अधिवक्ता)**
**बिरकोना बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 8839983188**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार इन्द्रासन प्रसाद पाण्डेय (आई.पी. पाण्डेय) उम्र 78 वर्ष आ. स्व. सतशरण पाण्डेय निवासी-टिकरापारा, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) हालमुकाम-भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मौजा जूना बिलासपुर, टिकरापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 148/5 रकबा 0.05 एकड़ (मकान) के संबंध में न्यायालय श्रीमान तृतीय जिला न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में अपील प्रकरण क्र. 45 ए/2025 पक्षकार इन्द्रासन प्रसाद पाण्डेय विरूद्ध श्रीमती रमावती पाण्डेय लंबित है। उक्त अपील प्रकरण के लंबित अवस्था में श्रीमती रमावती पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 26/01/2026 को हो गयी है। श्रीमती रमावती पाण्डेय निःसंतान थी और श्रीमती रमावती पाण्डेय के मृत्यु के पश्चात मौजा जूना बिलासपुर, टिकरापारा स्थित भूमि मय मकान खसरा नंबर 148/5 रकबा 0.05 एकड़ (मकान) को श्रीमती रमावती पाण्डेय के निकटतम रिश्तेदार के द्वारा अपने नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि अवैधानिक है। ऐसी स्थिति में उक्त अपील प्रकरण के लंबित अवस्था तक यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा उक्त भूमि मय मकान को अपने नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया जाता है तो वह अवैधानिक होगा एवं उसे विभिन्न मामलों-मुकदमों में उलझना पड़ेगा।

सो सूचना जाने।

**तोषण अग्रवाल**
**(अधिवक्ता)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9907236288**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रतनपुर, दिनांक 14/01/2026
रा.प्र.क्र. (ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संध्या श्रीवास पिता बालाराम श्रीवास जाति निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने माता सीमा श्रीवास पति बालाराम श्रीवास का मृत्यु दिनांक 03-05-1998 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तदसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा /आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 30/01/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2026 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।


**कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

मैं अपने पक्षकार विरेन्द्र भारद्वाज पिता स्व. जोहन लाल भारद्वाज निवासी महाराणा प्रताप चौक देवी नगर बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ

मेरे पक्षकार ने श्री राकेश कुमार सोनवानी पिता श्री सहसराम सोनवानी निवासी ग्राम मोछ तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) आम मुख्त्यार कमलेश गोलानी पिता होलाराम गोलानी निवासी साईं निवास फ्लैट न. ई-2 वार्ड न. 36 जे जे हॉस्पिटल के पास तोरवा तह. व जिला बिलासपुर, के स्वामित्व एवं कब्जे का भूमि मौजा मोपका प.ह.न. 29 त.ह. व जिला बिलासपुर में खसरा न. 1717/10 (शामिल खसरा 1717/1 में से) रकबा 2475 (0.0230 हे.) वर्गफुट है जो की मेरे पक्षकार विरेन्द्र भारद्वाज के पास अनुबंधित है जिसको की आम मुख्त्यार कमलेश गोलानी, श्री राकेश कुमार सोनवानी से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशी का भुगतान कर अनुबंध पत्र निष्पादित कर दिया है तथा आगामी 15 दिवस के भीतर उक्त अनुबंधित भूमि का पंजीयन कराया जाना है उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक एजेंट कंपनी निकाय या अन्य किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने
अधिवक्ता वास्ते गणेश तिवारी
दिव्या परिसर लिंगीयाडीह बिलासपुर
(छ.ग.) 9827677244



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## ग्रामीण डाक सेवक पदों पर निकली भर्ती, 10वीं पास कर सकेंगे आवेदन

**बिलासपुर।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय डाक की ओर से देशभर में ग्रामीण डाक सेवक के बंपर पदों पर जल्द ही नौकरी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। अधिसूचना जारी होने के बाद अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट



पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत फॉर्म भर सकेंगे। फॉर्म केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य किसी भी प्रकार से अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकेंगे। इस भर्ती के जरिये ब्रांच पोस्ट मास्टर पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 12,000 से 29,380 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाता है। इसके अलावा वहीं असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 10,000 से 24,470 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाता है। भर्ती से जुड़ी अधिक डिटेल लेटेस्ट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही साझा की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को बता दें कि इस भर्ती में चयनित होने के लिए न ही किसी प्रकार की परीक्षा का आयोजन किया जाता है और नहीं उम्मीदवारों को इंटरव्यू आदि प्रॉसेस में भाग लेना होता है। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाता है।

# भ्रमण, अनुभवों की वह पाठशाला जहाँ जीवन खुद सिखाता है

■ पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दस दिवसीय छात्र अध्ययन

**पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के सिहावा सभागार में दस दिवसीय छात्र अध्ययन यात्रा कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी, वक्ता के रूप में डॉ विनय पाठक, डॉ किरण झा, डॉ सुनील कुमार, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने की।**



### मातृभाषा, राजभाषा, संपर्क भाषा और राष्ट्रभाषा

मुख्य वक्ता डॉ विनय पाठक ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं है अपितु एक आचरण संहिता है। हिंदी मातृभाषा, राजभाषा, संपर्क भाषा और राष्ट्रभाषा भी है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व हिंदी एक राजभाषा थी। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने हिंदी सीख कर सत्यार्थ प्रकाश जैसे समीक्षात्मक ग्रंथ की रचना की। उन्होंने विश्व के 50 से अधिक देशों में हिंदी भाषा के प्रचलन की चर्चा की। अंत में उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा की प्रकृति, उसकी लिपि और उसकी रचना को समझकर उस पर विचार करने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि प्रोफेसर एडीएन बाजपेई ने इस अध्ययन यात्रा की सराहना की, चर्चा करते हुए उन्होंने घुमक्कड़ प्रकृति के एक विशेष व्यक्तित्व महापंडित राहुल सांकृत्यायन की चर्चा की जो बहुभाषाविद रहे हैं और वे 30 से अधिक भाषाओं के जानकार थे। इसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया है। बाजपेई ने कहा कि मलयालम, मराठी या अन्य भाषा के शब्द भले ही अलग होते हैं लेकिन उसके भाव एक समान होते हैं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यहां से बहुत कुछ सीख कर जाएं और संबंध स्थापित करते जाएं ताकि हम एक दूसरे से लाभान्वित हो सके। प्रोफेसर वी. के. सारस्वत जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की भ्रमण की पद्धति बहुत पुरानी है। इससे सोचने और किसी कार्य को करने का तरीका विशिष्ट हो जाता है। यात्रा से यात्री का अनुभव बहुत उपयोगी हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ जयपाल प्रजापति, प्राध्यापक- हिंदी विभाग के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्राध्यापक गण, अधिकारी गण, कर्मचारी गण के साथ-साथ बड़ी संख्या में संस्था के शिक्षार्थी व नागरिक गण शामिल हुए।

कार्यक्रम

## हम हैं वीर सिपाही हमको पीठ दिखाना रास नहीं

**बिलासपुर।** छंद शाला की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एस कपूर नूर, विशिष्ट अतिथि वेदुला वेंकट रमणा किरण और अध्यक्षता शैलेन्द्र गुप्ता ने



की। मंच का संचालन सतीश पाण्डेय उद्यान ने शेरो शायरी के अंदाज़ से किया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत में जग की माया कैसे छूटी कृष्ण हमें बतलाते हैं ताटंक छंद में डॉ ललिता यादव ने इस गीत से सबको सम्मोहित किया। ऋतु वसंत है आ गई महक धरा के द्वार। बसंत ऋतु पर सुंदर दोहा डॉ सर्वेश पाठक ने प्रस्तुत कर सभी को बसंत ऋतु पर मंत्र मुग्ध कर दिया। देवेंद्र शर्मा ने इस बार देश भक्ति के गीत हम हैं वीर सिपाही हमको पीठ दिखाना रास नहीं सुनाकर सभी के दिलों में देश भक्ति और वीरता के भाव से ओतप्रोत कर दिया। दंदका दे दाई मोरे, अंगना दुआरी ल,अडबड थर्रा परत हे,गोरसी ल लानत हॉवव, राहेड के काडी म भूरी ल जलाई देते ओ इस बार की बढ़ती ठंड पर बेहतरीन कविता की प्रस्तुति देकर कंपकंपाते ठंड का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया।

# जिसने संसार में रहना सीख लिया उसने भगवान से मिलना सीख लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



खाटू श्याम मंदिर में आयोजित दुर्लभ सत्संग कथा के तीसरे दिन बुधवार को ऋषिकेश के पूज्य स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने कहा जीव से जीव रोए तो कोई बड़ी बात नहीं, पर पशु ही भगवान को रूला दे तो बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि जटायु जैसा मांसभक्षी भगवान को रोने के लिए विवश कर दिया, यह भक्ति से ही संभव हुआ है। जब मन में परोपकार का भाव जागृत होता है, तभी जीव भगवान की शरण में आता है। रावण द्वारा माता सीता का हरण किया गया, तभी पक्षी जटायु ने अपना कर्तव्य निभाते हुए माता सीता की रक्षा के लिए रावण से युद्ध किया और प्राण भगवान की गोद में त्याग दिए। जटायु ने भगवान राम से कहा हे जगतपति जगदीश आज आप मुझे मिल गए, अब जगत को देखने की ईच्छा नहीं है, क्योंकि में जगतपति के सम्मुख प्राण त्याग रहा हूं, भगवान यह सुनकर रो पड़े, पूज्य स्वामी जी कहते है कि भारत जैसे राष्ट्र में स्वामी रामसुख जी महराज जैसे विरले संत की सेवा का सौभाग्य मुझे मिला था। मैं जो कुछ सुना रहा हूं यह उनकी कृपा की अनुभूति है, ना हम रोकर सीखे है ना कुछ खोकर सीखे है, हम जो कुछ सीखे है, वो अपने गुरूदेव के होकर सीखे है। पूज्य स्वामी रामसुख एक विलक्षण संत थे, जिनकी एक संत की वसीयत गीता प्रेस गोरखपुर में प्रकाशित होती है, जिसे हर सनातनी को पढ़ना चाहिए, कि भारत जैसे राष्ट्र में एक ऐसे संत का प्रदार्पण हुआ जिनकी दो चिताएं जलाई गई थीं। एक चिता में स्वयं और दूसरी चिता में जीवन के समस्त समानों को जला दिया गया था। उन्होंने कभी किसी से दान-दक्षिणा,चढ़ावा स्वीकार नहीं किया। माला पहनाने, चरण छूने, फोटो खींचने की उनके सत्संग में मनाही थी। यही नियमों का पालन करते हुए हम पूरे राष्ट्र में दुर्लभ सत्संग कथा का श्रवण लोगों को करा रहे हैं। स्वामी जी कहते हैं कि मानव शरीर अति दुर्लभ है और क्षणभंगुर है। इस शरीर को आज तक कोई बचा नहीं पाया है। ना मानव बचा सके,ना दानव बचा सके और ना अवतार लेने वाले बचा सके। इसलिए समय रहते हुए भगवान में लग जाना ही जीवन की सार्थक उद्देश्य है।

### जीवन में इन बातों का रखें ध्यान

मनुष्य को हमेशा तीन बातें याद रखनी चाहिए किसी का बुरा चाहना नहीं है, किसी का बुरा सोचना नहीं है, किसी का बुरा करना नहीं है। क्योंकि इंसान किसी के बारे में बुरा सोचता है,तो उसकी बुराई अवगुण सभी उसी इंसान के अंदर आ जाती है, इसलिए सत्कर्म करते रहना चाहिए। सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव रखकर जनकल्याण का कार्य करते रहना चाहिए, तभी जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। और हर पल हर घड़ी थोड़े-थोड़े समय में कहना चाहिए है नाथ है मेरे नाथ मैं आपको भूलूं नहीं, यह कलयुग का महामंत्र है। इससे भगवान और हमारे बीच सबंध स्थापित हो जाएंगे।

## बच्चों ने दी डांस, गायन की मनमोहक प्रस्तुति





**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर परिसर में संचालित देव संस्कृति विद्यालय एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देव संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पेश गायन, डांस की प्रस्तुति मनमोहक रही।

द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ बृजेश सिंह, शीतल पाटनवार, नंदिनी पाटनवार, बृजेश साहू, रामकुमार श्रीवास, आशा सुल्तानिया, सविता तिवारी, अरुण पोद्दार, जे. लाल, डॉ रुमी दुबे ने अपना संबोधन दिया। मुख्य ट्रस्टी श्री वैश्य ने संदेश में कहा कि हम सभी को नैतिक नियमों के प्रति जागरूक रहते हुए संकल्प लेना है कि संविधान की भी रक्षा हम करेंगे। ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास को राजभाषा आयोग की ओर से साहित्य रचना में सम्मानित करने पर गायत्री शक्तिपीठ में भी ट्रस्ट की ओर से अभिनंदन समारोह कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

आयोजन

## सरजू बगीचा में होगा सहस्त्र चंडी यज्ञ, पंजीयन कल

**बिलासपुर।** श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में श्री सहस्त्र चंडी यज्ञ 1 फरवरी को दोपहर एक बजे से आयोजित किया जाएगा। यज्ञ के लिए पंजीयन शुक्रवार 30 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजे होगा। सेवा साधक पुनित ढ़ढारिया ने बताया कि श्री



दुर्गा सप्तशती के बीज मंत्र साधना 2011 में पहली बार बिलासपुर में हुई थी। जिसमें पूरे 13 अध्याय की साधना की गई, तब से अब तक लगातार यह साधना बिलासपुर में हो रही है। जब 1000 पूर्ण हो जाते है तब उसको सहस्त्र चंडी पाठ कहते हैं, ये अनुष्ठान विशेष रूप से हवन के साथ, भक्तों को धन, समृद्धि, शात्रुओं पर विजय, भय से मुक्ति, मानसिक शांति और स्वास्थ समस्याओं से छूटकारा पाने में सहायता करता है। हर शुक्रवार को यह साधना श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में शाम साढ़े 4 बजे होती है। शास्त्रों के अनुसार कोई भी साधना बिना यज्ञ के पूरी नहीं होती। जिस इच्छा की पूर्ति के लिए साधना की जा रही है उसको पूर्ण करने यज्ञ आवश्यक है।

## सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य व मीरा-कृष्ण एक जुगलबंदी पुस्तक का अनावरण



**बिलासपुर।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कविता चौपाटी से द्वारा रिवर व्यू में गीत-संगीत, सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राजेन्द्र मौर्य द्वारा रचित सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य एवं मीरा-कृष्ण एक जुगलबंदी पुस्तक का अनवारण किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। सामाजिक लाल रेलवे एवं उमेश सिहोते एसईसीएल ने सुमधुर गायन किया। नवीन सोनी बासुरी वादक ने देशभक्ति पूर्ण गीत पेश कर पुराने फिल्मी गीतों की धुन बजाया। रेलवे इंग्लिस मीडियम की छात्रा एम अवन्तिका राव ने सेक्सोफोन वाद्य यंत्र द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीत की प्रस्तुति दी। तबले पर संगति राजेश्वर प्रसाद वस्त्रकार ने दी। राजेन्द्र मौर्य द्वारा रचित पुस्तक सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य एवं मीरा-कृष्ण एक जुगलबंदी का विमोचन डॉ. आरती झा सेवानिवृत्त प्राध्यापिका शहडोल, रश्मि लता मिश्रा वरिष्ठ साहित्यकार, अजय पाठक वरिष्ठ गीतकार, डॉ. श्यामलाल निराला प्राचार्य तथा आचार्य गिरधर शर्मा के हाथों हुआ। राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि मेरी यह दोनों पुस्तक वांग्य विधा से हटकर इतिहास के पन्नों पर व्यक्त वीरगाधा एवं प्रेममाचा को केन्द्रित करते हुए लिखी गई है। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिष्ट नेता महेश श्रीवास तथा आभार प्रदर्शन ज्येष्ठ नागरिक संघ के वरिष्ठ सदस्य राघवेन्द्र धर दीवान ने किया। अंत में राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

### डॉ. निराला शिशिर का सम्मान

कार्यक्रम के दूसरे क्रम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय जे.पी. वर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्यामलाल निराला एवं छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप हैवीपैट वर्ग में गोल्ड मैडल विजेता सहायक प्राध्यापक शिशिर मौर्य का सम्मान, सम्मान राशि, शॉल, प्रमाण-पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

■ योग तपस्या भट्ठी कार्यक्रम में जयपुर की चंद्रकला दीदी ने कहा-



## परमात्मा द्वारा प्राप्त शक्तियों को परमात्म कार्य में लगाने से होगा सर्व का कल्याण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवा केंद्र के प्रांगण में एक दिवसीय योग तपस्या भट्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन था। मुख्य वक्ता ने कहा कि परमात्मा द्वारा प्राप्त शक्तियों को परमात्म कार्य में लगाने से सर्व का कल्याण होगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चंद्रकला दीदी जयपुर राजस्थान ने अपने उद्बोधन में जीवन सफल करने की युक्तिया बताते हुए कहा कि तन, मन, धन, संकल्प, समय, श्वांस यह छः शक्तियां हमें परमात्मा द्वारा प्राप्त है। इन शक्तियों को परमात्म कार्य में लगाने से सर्व का कल्याण होगा। जहां हमारा तन होगा वहां हमारा मन और धन होगा। जब हम तन से सेवा करते हैं तो तन सफल होता है और सेवा में तन लगाने से संकल्प भी सेवार्थ चलते हैं। इसी तरह हमारा मन और धन भी सफल होता है। हमें अपने सभी गुण, शक्ति और विशेषताओं को परमात्म कार्य में लगा कर सफल करना है। वर्तमान समय युग परिवर्तन का है। इसका 1-1 सेकंड बहुमूल्य है। सर्व संबंधों के रस व प्यार का अनुभव करने के लिए सर्व संबंध से परमात्मा को याद करना है। जितना हम परमात्मा को याद करते हैं उतनी ही अधिक शक्ति हमें प्राप्त होती है। दीदीजी ने कहा कि अपनी उन्नति के लिए कुछ नियम या संविधान हमें स्वयं बनाने हैं। जिसका पालन हम दृढ़ता से करें ताकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हम सफलता प्राप्त कर सके। बीके उमा दीदी जयपुर ने कहा कि हमारा लक्ष्य मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाना और जीवन को श्रेष्ठ बनाने दैवीय गुणों को धारण करना हो। मंच संचालन बीके छाया दीदी एवं बीके उमा दीदी ने संयुक्त रूप से किया।

### यातायात नियमों का पालन करने कराई गई प्रतिज्ञा

कार्यक्रम में यातायात व जीवन में श्रेष्ठ नियमों का पालन करने, प्रकृति का संरक्षण करने की प्रतिज्ञा कराई गई। अंत में केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी ने चंद्रकला दीदी का तिलक, चुनरी और पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। बीके उमा दीदी जयपुर सेवा केंद्र, बीके रमा दीदी तालापारा सेवा केंद्र, बीके कांता दीदी सिरगिट्टी, सेवा केंद्र, बीके उमा दीदी, बीके लता हेमूनगर सेवा केंद्र, बीके शारदा दीदी मरवाही का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम

## प्रोजेक्ट में एआई टूल्स के उपयोग की विधियों से कराया अवगत

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के अंतर्गत शनिवार को स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट से संबंधित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य विषय



विशेषज्ञ वक्ता डॉ पूजा पाण्डेय एसोसिएट प्रोफेसर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट में एआई टूल्स के इस्तेमाल करने की विधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजन कर की गई। संस्था के प्राचार्य डॉ शशिकला सिंहा ने अपने उद्बोधन में विषय विशेषज्ञ वक्ता का अभिवादन किया एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। जिससे छात्राओं को प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में सहायता मिल सके। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डीके शुक्ला ने छात्रों के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट व विषय की गंभीरता पर चर्चा की एवं विषय का चयन करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तथा तथ्यों के बारे में सूचना प्रदान की।

कार्नर न्यूज

गुरु कृपा कॉलेज में वार्षिकोत्सव

# ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गुरु कृपा कॉलेज ग्रुप ऑफ़ स्टीट्यूट सेंदरी में वार्षिक उत्सव का आयोजन डॉ गिरिजानंदन मिश्रा एमएस अर्थोपैडिक्स सर्जन एम्स हॉस्पिटल रायपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसमें बच्चों ने गणेश वंदना, बारहमासी त्यौहारों व ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित डांस पेश किया। इस रंगारंग प्रस्तुति से दर्शाकगण झूम उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। छत्तीसगढ़ी बारहमासी डांस ईशा कुराल, स्नेहा राठौर, अंजली, लिया रजक, मोनिका, हर्षिता, सुरेन्द्र साहू, नितिश, कृष, गणेश वंदना जया लक्ष्मी, सेजल खाण्डे, मिनाक्षी कामले, भारती साहू, सीमा साहू, संतोषी पेश किया। आपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति नम्रता ठाकुर, नेहा तिवारी, रश्मि, पायल, दुर्गा, प्रियंका निर्मलकर, प्रिया पैकरा ने दी। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन डॉ अजय त्रिपाठी, डायरेक्टर विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, प्राचार्य अनिमेश पांडेय सहित पूरे स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### इन बच्चों की रही सहभागिता

छग बारहमासी डांस में ईशा कुराल, स्नेहा राठौर, अंजली,लिया रजक, मोनिका, हर्षिता, सुरेन्द्र साहू,नितिश, कृष,गणेश वंदना में जयालक्ष्मी,सेजल खाण्डे, मिनाक्षी कामले, भारती साहू, सीमा साहू, संतोषी, आपरेशन सिंदूर में नम्रता ठाकुर, नेहा तिवारी, रश्मि, पायल, दुर्गा , प्रियंका निर्मलकर, प्रिया पैकरा आदि बच्चे उपस्थित रहे।

## कथक स्पर्धा में स्वास्तिका रही प्रथम



**बिलासपुर।** नाट्य नर्तन द्वारा दुर्ग में आयोजित कथक रॉकर्स प्रतियोगिता में कार्तिक कथक नृत्य केन्द्र की 7 वर्ष की छात्रा स्वास्तिका कश्यप ने कथक में प्रथम स्थान प्राप्त कर भूपेंद्र बरेठ एवं अपने परिवार तथा बिलासपुर शहर को गौरवान्वित किया।

## खबर संक्षेप



### झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चोरी की बाइक में घूमकर झपट्टा मारकर महिला से मोबाइल लूटने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 1 जनवरी 2025 को चकरभाठा क्षेत्र की एक महिला त्रिवेणी डेंटल कालेज इलाज कराने आई थी। इलाज करवाकर वे अपने भाई के साथ बाइक में बैठकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान डायमंड होटल के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य ने तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीम के साथ दबिश देकर रोशन श्रीवास पिता अशोक श्रीवास 22 साल खैरा जयरामनगर मस्तूरी, मोहम्मद सेराज पिता मोहम्मद मीर हसन 26 साल कुरमी मुजफ्फरनगर बिहार, हालमुकाम काली मंदिर तिफरा निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने महिला से मोबाइल लूटना स्वीकार कर वारदात में प्रयुक्त बाइक बरतोरी से चोरी करना स्वीकार कर लिया। टीम ने चोरी की बाइक, मोबाइल सहित युवकों को चकरभाठा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने मकान से सोने के जेवर, नकद चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने के कीमती जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। सकरी पुलिस के अनुसार, बीएन सिटी लोखंडी निवासी बबीता बोकाडे पति स्व. सुनील गोविंद राव बोकाडे की मां उषा उपवन में किराए के मकान में अकेले रहती हैं। वे प्रतिदिन रात में अपनी मां को अपने घर ले जाती हैं। 22 जनवरी की रात 8 बजे वे अपनी मां को अपने घर ले गई थीं। देर रात चोरों ने उनकी मां के घर के दरवाजे का डोर लॉक तोड़कर आलमारी से सोने के टाप्स 2 जोड़ी, सोने के कंगन 2 नग, सोने की चेन, 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। 23 जनवरी की सुबह पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। पुलिस ने श्रीमती बोकाडे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सीएसईआईडीसी करे निराकरण

# औद्योगिक क्षेत्रों की दुर्दशा से परेशान हैं उद्योगपति

## छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष केडिया ने बैठक में चेयरमैन को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएसआईडीसी चेयरमैन राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में नवगठित उद्योग सुझाव समिति की बैठक रायपुर सीएसआईडीसी कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि इस समिति का गठन का उद्देश्य लघु उद्योगपतियों को जमीनी स्तर पर हो रही कठिनाइयों की जानकारी लेकर निराकरण करना है।

बैठक में शामिल छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने बताया कि बैठक में सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार ने दिए गए सुझाव पर आश्वस्त किया कि यदुनंदन नगर तिफरा का पहुँच मार्ग के विवाद का जल्द से जल्द



निराकरण हो जाएगा। उन्होंने सेलर औद्योगिक प्रक्षेत्र की पहुंच मार्ग का भी अध्ययन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में बरतोरी के पास एक नए औद्योगिक प्रक्षेत्र स्थापना की मंजूरी मिल गई है। श्री केडिया के सुझावों पर उन्होंने कहा कि सभी सुझाव पर कार्रवाई होगी। उद्योग संचालक प्रभात मलिक ने बैठक में घोषणा की कि बिलासपुर में भी एक इंडस्ट्रीज फेशिलिटेशन कौंसिल का गठन होगा ताकि उस क्षेत्र के उद्यमियों को भुगतान नहीं मिलने पर कौसिल अपना निर्णय बिलासपुर में बैठक कर सुनाएगी। बैठक में सीएसआईडीसी कार्यपालक संचालक संतोष भगत, महाप्रबंधक ओपी बंजारे, चीफ इजीनियर हेमंत कुटारे के अलावा प्रदेशभर के उद्योग संघ के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल को महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।**

- **सेक्टर डी की सड़क बनाई जाए**
बिलासपुर में गत 10 साल से सेक्टर डी यदुनंदन नगर तिफरा सिरगिटटी में औद्योगिक प्रक्षेत्र निर्मित है। किंतु रायपुर रोड से पहुंच मार्ग के लिए 300 मीटर सड़क नहीं रहने के कारण जमीन का एलाटमेंट एमएसएमई सेक्टर को नहीं हो रहा है। अनुरोध है कि इस पर तत्काल निर्णय लें।
- **सेलर क्षेत्र की पुलिया सड़क बनाएं**
बिलासपुर के पास 20 किमी दूरी पर सेलर में नया औद्योगिक प्रक्षेत्र बना है किंतु औद्योगिक प्रक्षेत्र पहुंचने के लिए मुख्य सड़क से एक किमी का सड़क एवं पुलिया खराब होने के कारण वहां दूसरी सड़क से जाना पड़ता है। जिसके कारण दूरी 20 किमी और बढ़ जाती है। बिलासपुर से दूरी चालीस किलोमीटर हो जाती है।
- **मिनी इंडसट्रियल स्टेट की जरूरत**
कुछ प्रमुख शहरों के आसपास मिनी' 'आदर्श इंडस्ट्रीयल स्टेट 'की स्थापना एसएमई सेक्टर के लिए हो। इस औद्योगिक प्रक्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पानी रख रखाव, साफ सफाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो। यह क्षेत्र शहर के 20 किमी के अंदर हो। जरूरत पड़ने पर निजी जमीन खरीदी भी जा सकती है। जिसका मूल्य प्रस्तावित दर में जोड़ा जा सकता है। असली आवश्यकता शहर के आस पास जमीन की है। मूल्य इसमें कोई अवरोध नहीं है। उद्यमी थोड़ी बहुत महंगी जमीन खरीदने को भी तैयार हैं क्योंकि लघु उद्योग लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है। गैर औद्योगिक प्रक्षेत्र में लघु उद्योग लगाना भी मुसीबत है। ग्राम पंचायत एनओसी नहीं देती है। अगर उद्योग स्थापना हो भी गयी तो भी प्रतिदिन अड़ंगे के कारण उद्योग चलाना मुश्किल है।
- **एक जिला एक उत्पाद योजना पर काम हो**
श्री केडिया ने सुझाव दिया कि एक जिला एक उत्पाद 'योजना पर कार्य होना चाहिए। शुरूवात में दस जिलों का चयन करके इस पर कार्य तत्काल प्रारंभ हो।
- **एसईजेड की स्थापना की जाए**
देशभर के लगभग अधिकांश राज्यों में 'स्पेशल इकानामिक जोन' ' एसईजेड की स्थापना हो गई है, किंतु छत्तीसगढ़ में अभी तक नहीं हुआ है। इसके लिए आवश्यक पहल सी.एस.आई डी.सी./ उद्योग विभाग को करना चाहिए।
- **औद्योगिक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाए**
औद्योगिक प्रक्षेत्र में सड़कों के दोनों तरफ अवैध कब्जा करके दुकाने बनती जा रही हैं। तिफरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में सीएसआईडीसी के सामने वाली मुख्य सड़क के दोनों तरफ अवैध कब्जा वाली दुकाने हैं। कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण नया नया अतिक्रमण हो रहा है। सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र में भी यह अतिक्रमण प्रारंभ हो गया है। राज्य के अन्य औद्योगिक प्रक्षेत्रों में भी यही स्थिति बन रही है।
- **जमीनों को सुरक्षित करने सीमांकन हो**
राज्य के सभी नए, पुराने प्रक्षेत्र के जमीनों को सुरक्षित किया जावे, इसके लिए सर्वे करके जमीन का सीमांकन हो। जो पुराने औद्योगिक प्रक्षेत्र उद्योग विभाग ने बनाया था। वहां पर भी जमीन का अतिक्रमण हो रहा है।
- **उद्योग के लिए ली खाली जमीन वापस ली जाए**
छत्तीसगढ़ में बहुत से उद्योगपतियों ने कई एकड़ जमीन पर आधिपत्य रखा है। किंतु उसके बहुत से छोटे से हिस्से पर औद्योगिक कार्य हो रहा है। बाकी जमीन अनेक वर्ष से खाली है। उनसे अतिरिक्त भूमि वापस लेकर जरूरतमंद एसएमई को दें।
- **कार्यालय में पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए**
सीएसआईडीसी रायपुर के अधिकारियों का नाम पद एवं कार्य जिम्मेदारी की सूची उपलब्ध कराएँ एवं मुख्यालय तथा क्षेत्रिय कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी की जानकारी वाला बोर्ड लगाया जाए।सीएसआईडीसी इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों की सूची नाम पद एवं कार्य जिम्मेदारी की सूची उपलब्ध कराया जाए। क्षेत्रीय कार्यालय मे क्षेत्रीय अधिकारी की जानकारी वाला बोर्ड लगाया जाए।सीएसआईडीसी के अंर्तगत औद्योगिक प्रक्षेत्र में जिन उद्योगपतियों का जमीन आवंटन रद्द होता होता है, उसकी सूची इस समिति को दिया जावे। किस किस औद्योगिक प्रक्षेत्र में रिक्त जमीन उपलब्ध है उसकी जानकारी समिति को भी दें। ई. छत्तीसगढ़ में कहाँ- कहाँ नया औद्योगिक प्रक्षेत्र निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित है उसकी जानकारी दी जावे।
- **सिरगिट्टी ओवरब्रिज की मरम्मत कराएं**
सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र में रेल्वे लाइन के उपर से जाने वाला ओवरब्रिज अत्यंत जर्जर अवस्था में है। जगह जगह गढढे हो गए हैं जो भारी वाहन आने जाने के कारण बढ़ते जा रहे हैं। अनेक जगहों पर नुकीली छड़ दिखाई दे रही है। पीडब्लूडी के साथ मिलकर इसकी तत्काल रिपेयरिंग करवाएँ अन्यथा कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है।

# सेलर में 28 करोड़ रुपए खर्च फिर भी एप्रोच रोड का संकट बरकरार

उद्योग विभाग द्वारा सेलर में जल्द ही नई उद्योगों के लिए जमीन आबंटित की जानी है, 28 करोड़ खर्च कर 5 किमी सड़क का निर्माण निर्माण किया गया है। बिजली की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर ओवरहेड टैंक बनाया जा चुका है, और कार्य खत्म हुए 1 साल बीत चुके है लेकिन 95 एकड़ जमीन पर अबतक लघु और मध्यम क्षेत्र का एक भी उद्योग स्थापित नहीं हो सका है।

> नए औद्योगिक क्षेत्र सेलर में निर्माण कार्य खत्म हुए एक साल का समय बीत चुका है। 95 एकड़ जमीन पर विभाग द्वारा सड़क, पानी, बिजली की व्यवस्था की गई है, लेकिन उद्योगपति यहां प्लांट डालने से हिचकिचा रहे है। ऑनलाइन आवेदन और बिडिंग सिस्टम से लगाने वाले उद्योगों के लिए जमीन की व्यवस्था की गई है लेकिन विभाग द्वारा एप्रोच रोड नहीं बनाने के कारण 28 करोड़ रूपए का खर्च सफेद हाथी साबित हो रहा है।

### बेलतरा सड़क पर जोड़ने की कवायद

जानकारों के मुताबिक सेलर औद्योगिक क्षेत्र को सीधे बेलतरा सड़क से जोड़ा जा सकता है लेकिन इसके लिए एक किमी क्षेत्र में पड़ने वाले निजी जमीन यानी खेतों को अधिग्रहण करने की नौबत आएगी। इसके लिए काफी लंबी चौड़ी प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। यही कारण है कि सेलर में औद्योगिक क्षेत्र का आबंटन काफी सुस्त गति से चल रहा है।

### चौड़ीकरण का दिया गया है प्रस्ताव

वर्तमान में सीएसआईडीसी को सड़कों के चौड़ीकरण के लिए पत्र लिखा गया है, दो सड़कों का प्रस्ताव है, जिसमें स्वीकृति होकर सड़क बनेगी उसी से ही उद्योग हेतु परिवहन किया जा सकेगा।

-सीआर टेकाम
सीजीएम
उद्योग विभाग



ग्राम सेलर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र का काम सड़क के कारण रूका।



औद्योगिक क्षेत्र में बनाई गई टंकी।

### सीपत की ओर से 40 किमी की दूरी

बिलासपुर से सेलर की दूरी करीब 20 किमी के आसपास होती है, लेकिन बैमा-नगोई होते हुए यहां तक पहुंचना बाइक से संभव भी है लेकिन औद्योगिक क्षेत्र के हैवी वाहन इन सड़कों पर नहीं चलाए जा सकते हैं। वहीं सेलर में बस्ती का क्षेत्र काफी बड़ा है, ऐसे में हैवी वाहन गुजारा दुर्घटनाकारी कदम होगा। ऐसे में फिलहाल सड़क नहीं होने पर सीपत की ओर से वाहन की आवाजाही बनानी होगी, जिससे बिलासपुर और सीपत होते सेलर पहुंचने पर 40 किमी दूर औद्योगिक क्षेत्र लगाना उद्योगपतियों के गले नहीं उतर रहा है।

## बाइक चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार, 5 बाइक जब्त



**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज से बाइक चोरी करने वाले दो नाबालिगों सहित तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी की 5 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

21 जनवरी 2026 को दयालबंद चंदानी हास्पिटल के सामने रहने वाले अमन सिंह बघेल पिता विजय सिंह बघेल 28 साल की बाइक रायल एनफील्ड क्रमांक सीजी 10 एजेड, 3038 चोरी हो गई थी। सूचना पर कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने स्टाफ के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो बाइक चोरी करने वालों की तस्वीर नजर आई। फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से एसीसीयू टीम व कोतवाली पुलिस ने मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी आयुष एक्का पिता एल्सन एक्का 20 साल व उसके साथी दो नाबालिगों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने श्री बघेल की बुलेट के अलावा अन्य चार बाइक व सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक, एक रूम हीटर, चार साउंड बाक्स, इलेक्ट्रिक हेयर ड्रायर, की बोर्ड, माउस, प्रिंटर, एलईडी टीवी, कैमरा, एक जोड़ी पायल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### इलेक्ट्रानिक सामान चोरी की, पुर्जा पुर्जा खोलकर कर दिया खराब

**बिलासपुर।** शिक्षिका के सूने मकान से कीमती इलेक्ट्रानिक सामान चोरी करने वाले 4 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ लिया। नाबालिगों ने इलेक्ट्रानिक सामान का पुर्जा पुर्जा खोलकर नष्ट कर दिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रायगढ़ तमनार निवासी शिल्पी रंजन पिता लल्लन राम रंजन सीपत रोड चंद्रकांता कालोनी में किराए के मकान रहती हैं। वे ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में बहतराई में शिक्षिका हैं। 12 जनवरी को सुबह 8.20 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर स्कूल चली गई थीं। शाम 4 बजे छुट्टी होने पर वे घर आईं और सामने का दरवाजा खोलकर अंदर गई तो पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। एक नग वोल्टास कंपनी का इंडोर, एक नग रिंग लाईट, डीजीटेक कंपनी का हेयर स्ट्रेनर, 10 हजार रुपए चोरी हो गया था। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुट गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के 4 नाबालिगों को पकड़कर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर चारों ने शिक्षिका के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। चोरी करने के बाद नाबालिगों ने कीमती इलेक्ट्रानिक सामानों को खोलकर खराब कर दिया था। पुलिस ने सामान जब्त कर लिया है, जो किसी काम का नहीं रह गया है।

## पूर्व सरपंच की हत्याः आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरभट्ठीखुर्द के पूर्व सरपंच की हत्या के मामले में नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीण एसपी आफिस पहुंचकर एसएसपी से लिखित शिकायत कर मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी व मामले की अच्छे से विवेचना कर सजा दिलाने की मांग की गई है।

10 दिसंबर 2025 को चोरभट्ठीखुर्द निवासी पूर्व सरपंच मनबोध यादव की जघन्य हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उक्त मामले में गौतमचंद साहू, गुलाबचंद साहू व अजय ध्रुव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 28 जनवरी को चोरभट्ठीखुर्द के बड़ी संख्या में यादव समाज अन्य ग्रामीण मुंगेलीनाका मैदान पहुंचे। यहां से रैली निकालकर एसपी आफिस पहुंचे और एसएसपी रजनेश सिंह से लिखित शिकायत करते हुए आरोपी गोतमचंद साहू, गुलाबचंद साहू के पिता हरिशचंद साहू के हत्या में शामिल होने की आशंका जताते हुए अच्छे से मामले की विवेचना कर उनकी गिरफ्तारी करने व आरोपियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की। आरोपियों के पिता



हरिश्चंद साहू पर पीड़ित परिवार को धमकी देने का आरोप लगाया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ने अभी तक गवाहों का बयान दर्ज नहीं किया है, जिससे गांव में रोष पैदा हो गया है। हत्यारों के परिवार वाले बाहरी लोगों के माध्यम से मृतक के परिवार पर बयान न देने का दबाव बना रहे हैं। एसएसपी श्री सिंह ने सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया गया। उसके बाद भीड़ लौट गई।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस पतासाजी में जुटी हुई थी। सूचना पर पुलिस ने कोरबा पाली में दबिश देकर रतनपुर दोनासागर निवासी सुमीत कुमार यादव पिता राजकुमार यादव 19 साल को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। नाबालिग ने बयान दिया युवक शादी करने का आश्वासन देकर भगाकर लेकर गया था और जोर जबरदस्ती कर शारारिक संबंध बनाया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक नं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, अशोकनगर प्रभु विहार निवासी जितेन्द्र यादव पिता स्वरूप यादव 30 साल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## सख्ती, वेतन रोकने की चेतावनी बेअसर, बिलासपुर में 7 प्रतिशत शिक्षक ही आनलाइन लगा रहे हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्या समीक्षा केंद्र एप में शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बिलासपुर में एप में 49% शिक्षकों का पंजीयन तो है लेकिन रजिस्ट्रेशन के मुकाबले मात्र 7% शिक्षक ही ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे हैं। हाल यह है कि अभी भी जिले के 8, 686 शिक्षकों में 4,550 ने पंजीयन से अब तक दूरी बनाकर रखा है। मुंगेली जिले की स्थिति तो और भी बदतर है। यहां सबसे कम 2% शिक्षक ही ऑन लाइन हाजिरी लगा रहे हैं।

ऑनलाइन अटेंडेंस का आंकड़ा देखें तो बेहद चौंकाने वाला है। एक दर्जन ऐसे जिले हैं जहां स्थिति बेहद खराब है। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में और भी निराशाजनक। यहां सिर्फ दो फीसदी शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेस लगा रहे हैं। अधिकारियों की सख्ती और वेतन रोकने की चेतावनी भी काम नहीं आ रही है और लापरवाही जारी है। फिलहाल तो आंकड़ों से साफ है कि शिक्षक इसे अपनाने के मूड में नहीं है। हालांकि जिला शिक्षा विभाग ने बिलासपुर जिले में 4 हजार से अधिक शिक्षकों का वेतन रोकने की बात कही है। इन लोगों ने एप डाउनलोड ही नहीं किया है।

### शिक्षक संगठन दे रहे निजता का हवाला

शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का साफ कहना है कि मोबाइल शिक्षकों का स्वयं का है, जिसमें उपस्थिति आपत्तिजनक एवं निजता का हनन है। इसमें किसी भी प्रकार से डेटा बाहर जाने या गलत उपयोग की जिम्मेदारी विभाग को लेना होगा। शासन द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति लेना ही है तो मशीन उपलब्ध कराए तथा मशीन से उपस्थिति लिया जाए, नेटवर्क के लिए स्कूल में व्यवस्था आवश्यक है।

### अब भी बना हुआ है गतिरोध

दूसरी ओर शिक्षकों और स्टूडेंट्स के ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर गतिरोध बना हुआ हैं। एक जनवरी से शिक्षकों को विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल एप के जरिए ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना था। स्टूडेंट्स का भी ऑनलाइन हाजिरी लेनी होगी। दोनों ही निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए थे। शिक्षकों में विभाग के इस निर्देश को लेकर खलबली मच गई थी। जारी निर्देश में शिक्षकों को हिदायत भी दी गई है कि ऑनलाइन अटेंडेंस के जरिए ही सैलेरी बनेगी। मतलब साफ है, ऑनलाइन अटेंडेंस में गैरहाजिर का मतलब सैलेरी भी पूरी नहीं बनेगी।

### कड़ाई से पालन करने के निर्देश

एक जनवरी से शिक्षकों को विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल एप के जरिए ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना है। स्टूडेंट्स का भी ऑनलाइन हाजिरी लेनी होगी। दोनों ही निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश में शिक्षकों को हिदायत भी दी गई है कि ऑनलाइन अटेंडेंस के जरिए ही सैलेरी बनेगी।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

